15 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 175

कल्पना सोरेन को आज मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## झामुमो का दो दिवसीय 13वां महाधिवेशन शुरू : राजनीतिक प्रस्ताव रखा गया

# झामुमो वक्फ कानून का विरोध करेगा

### अध्यक्ष शिबू सोरेन, रूपी सोरेन, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन समेत तमाम नेता हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13वां महाधिवेशन सोमवार को शुरू हो गया। इस महाधिवेशन में आठ से अधिक राज्यों से पार्टी के 3500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। महाधिवेशन का आयोजन खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में किया गया है। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन, उपाध्यक्ष और मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री खुद अपने माता-पिता को मोरहाबादी स्थित उनके आवास से साथ लेकर महाधिवेशन स्थल पर पहुंचे। महाधिवेशन में गांडेय विधायक और हेमंत हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन, विधायक बसंत सोरेन, मंत्री हफीजुल हसन समेत पार्टी के कई पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। इस मौके पर राजनीतिक प्रस्ताव रखा गया, जिसमें झामुमो ने नये वक्फ कानून के विरोध की बात कही है। इसके अलावा स्थानीयता, सरना धर्म कोड आदि की भी चर्चा की गयी है।

दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन में राज्य के गांव-गरीब और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया गया। पार्टी की 108 पन्नों की सांगठनिक रिपोर्ट पेश की गयी। दो दिनों में विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। सांगठनिक पदाधिकारियों का चुनाव भी होगा। कल्पना सोरेन समेत अन्य नेताओं को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जायेगी। पार्टी झारखंड समेत बिहार, उड़ीशा, बंगाल, छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों में विस्तार की रूपरेखा तैयार करेगी। आगामी विधानसभा चुनाव में अन्य राज्यों में चुनाव लड़ने पर भी विचार किया जायेगा। पहले दिन विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि खेल गांव स्टेडियम पहुंचे थे। वह सभी उत्साहित थे।



## झामुमो का जन्म हुआ, तभी झारखंड राज्य मिला: हेमंत

- धन-बल वाली जमात को देश और राज्य से उखाड़ने का संकल्प
- गरजे मुख्यमंत्री, भाजपा ने सत्ता पाने के लिए षड्यंत्र रचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड के लिए अनगिनत लोग शहीद हुए हैं। आज हम उन सभी को नमन करते हैं, जिनकी वजह से वर्ष 2000 में झारखंड राज्य बना। करीब 50-55 साल से झामुमो झारखंड के अलावा बिहार, ओड़िशा, बंगाल आदि राज्यों में अपनी सक्रिया बनाती हुए कार्य कर रही है। झामुमो का जन्म हुआ, तभी झारखंड राज्य मिला। अलग राज्य मिलने के बाद यहां (झारखंड) लोगों के चेहरे पर खुशी झलकी और लोगों ने राहत की सांस ली थी। लोगों को लगा कि गरीब, मजदूर, आदिवासी समेत राज्य का सर्वांगीण विकास होगा। दुर्भाग्य की बात है कि ऐसा नहीं हुआ। विकास का काम करने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। राज्य अलग होने के बाद शासन उन लोगों के हाथों में चला गया, जिन्हें आदिवासी, मूलवासी, गरीब, किसान से कोई लेना-देना नहीं था। झामुमो भी लंबी लड़ाई से थक गया था। इस दौरान राज्य के आदिवासी और मूलवासी के हक-अधिकार लूटते रहे। गरीब हाथों में राशन कार्ड लेकर घूमते थे, राशन नहीं मिलता था। किसान आत्महत्या कर रहे थे। सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा था। चारों ओर डर का महौल था। गुरुजी का स्वास्थ्य खराब था और राज्य की स्थिति बिगड़ती गयी। इस दौरान झामुमो के युवा साथी आगे आये और 2019 में राज्य से डबल इंजन की सरकार को उखाड़ फेंका। हेमंत ने कहा कि आज के दिन पूरे देश और अन्य राज्यों से इन सामंतवादी विचारधारा वालों को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेना है।

**राजनीति की परिभाषा बदल दी :** हेमंत ने कहा कि जैसे अलग राज्य



के लिए लड़ाई लड़ी गयी थी, वैसे ही संघर्ष कर झामुमो के युवा साथियों की बदौलत मुझे 2019 में राज्य का नेतृत्व करने का मौका मिला। यह बात सभी जानते हैं कि कमजोर को दबाया जाता है। वर्ष 2019 में जब गरीबों, किसानों, दलितों, आदिवासियों, मूलवासियों की सरकार बनी, तो इन लोगों (भाजपा) को पच नहीं रहा था। झामुमो कमजोर वर्ग के साथ था। उन्होंने सत्ता पाने के लिए हर षड्यंत्र को रचा। राजनीति की परिभाषा बदल डाली। झामुमो ने हार नहीं मानी। लगातार संघर्ष चलता रहा। इसी का नतीजा है कि आज राज्य में झामुमो सबसे बड़ी और मजबूत पार्टी होकर उभरी है।

**झामुमो राज्य को लेना और चलाना जानता है :** हेमंत सोरेन ने कहा कि सामंती सोच वाले सोचते थे कि आदिवासी क्या शासन चलायेगा। वह हड़िया-दारू पी कर पेड़ के नीचे पड़ा रहेगा। विरोध में बोला, तो जेल में डाल दिया जायेगा। भविष्य बर्बाद कर दिया जायेगा। लेकिन अगर कमजोर वर्ग ने ठान लिया, तो उससे ताकतवर कोई नहीं। यह इस बार चुनाव में दिख गया। एक-दो विधायक और सांसद वाला झामुमो आज राज्य की सबसे बड़ी पार्टी है। गुरुजी शिबू सोरेन का पौधा बड़ा वृक्ष बन गया है, जिसकी जड़ राज्य के हर घर तक पहुंच गयी है। झामुमो ने दिखा दिया कि वह राज्य लेना और चलाना, दोनों जानता है। हेमंत ने कहा कि झामुमो न कभी डरा है और डरेगा। राज्य का हक अधिकार पहले यहां की जनता को मिलेगा, फिर किसी दूसरे को। अब अबुआ सरकार आम लोगों के हित में काम कर रही है। आदिवासियों-मूलवासियों को उनका अधिकार दे रही है।

## स्टीफन मरांडी ने प्रस्तुत किया पार्टी का राजनीतिक प्रस्ताव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित झामुमो के 13वें महाधिवेशन के दौरान वरिष्ठ विधायक स्टीफन मरांडी ने पार्टी की ओर से राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव में कई अहम मुद्दों को शामिल किया गया है। स्टीफन मरांडी ने कहा कि पार्टी जातीय जनगणना को राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश में कराने की पक्षधर है। साथ ही, ओबीसी वर्ग को 27 फीसदी आरक्षण देने की मांग को भी प्रस्ताव में जगह दी गयी है। स्टीफन ने कहा कि 1932 के आधार वाली स्थानीय नीति को लागू किया जाये। पार्टी ने परिसीमन के वर्तमान स्वरूप का विरोध भी अपने प्रस्ताव में दर्ज किया है। स्टीफन मरांडी ने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी वक्फ कानून में संशोधन का विरोध करती है और इसे अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर चोट मानती है। इसके अलावा, प्रस्ताव में स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र की नौकरी में 75 प्रतिशत आरक्षण दिये जाने की मांग की गयी है। साथ ही, सरना धर्म कोड को देश की संसद से मान्यता दिलाने की मांग भी प्रमुखता से उठायी गयी है।



**राजनीतिक प्रस्ताव में चर्चा**
- नये वक्फ कानून का विरोध
- परिसीमन का विरोध
- ओबीसी वर्ग को 27 % आरक्षण
- स्थानीय नीति
- सरना धर्म कोड
- निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत आरक्षण

## न्यूज रील्स

### राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश स्थापित

अयोध्या। अयोध्या में सोमवार सुबह राम मंदिर के मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना की गयी। कलश की पहले पूजा की गयी। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ इसे मुख्य शिखर पर रखा गया। परकोटे और सप्तऋषि मंदिरों की मूर्तियां भी जयपुर से अयोध्या पहुंच सकती हैं। राम मंदिर परिसर में लगने वाली सभी मूर्तियां 30 अप्रैल तक मंदिरों में रख दी जायेंगी। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि इंजीनियर इंडिया लिमिटेड राम मंदिर की सुरक्षा दीवार बनायेगी। दीवार की ऊंचाई और मोटाई कितनी होगी, इस पर फैसला लिया जा रहा है। मिट्टी की जांच के बाद निर्माण शुरू किया जायेगा। वहीं, यात्री सुविधा केंद्र की क्षमता बढ़ायी जायेगी।

### आतंकी तहव्वुर से रोज 10 घंटे पूछताछ कर रही एनआइए

नयी दिल्ली। 2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने सोमवार को चौथे दिन पूछताछ की। मुख्य जांच अधिकारी जया रॉय के नेतृत्व में एनआइए के अधिकारियों की एक टीम राणा से रोज 8 से 10 घंटे पूछताछ कर रही है। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान राणा सहयोग भी कर रहा है। पिछले चार दिन में राणा ने केवल तीन चीजें मांगी हैं। एक कलम, कागज या नोटपैड और कुरान। ये तीनों उसे दिये गये हैं। हालांकि उसने अभी तक किसी खास तरह के खाने की मांग नहीं की है। इसलिए उसे स्टैंडर्ड प्रोटोकॉल के मुताबिक दूसरे आरोपियों को दिया जाने वाला खाना मिल रहा है। राणा को सीजीओ कांप्लेक्स में आतंकवाद विरोधी एजेंसी के हेडक्वॉर्टर के अंदर एक हाइ सिक्योरिटी सेल में रखा गया है। यहां चौबीसों घंटे सुरक्षाकर्मी उसकी निगरानी करते हैं।

### पहली बार छह महिलाओं ने स्पेस की सैर की

टेक्सास। पहली बार 6 महिलाओं ने सोमवार को एक साथ स्पेस की सैर की। इनमें मशहूर हॉलीवुड सिंगर कैटी पेरी, अमेरिकी बिलेनियर जेफ बेजोस की मंगेतर लॉरेन सांचेज शामिल हैं। अमेरिकी उद्योगपति जेफ बेजोस की ब्लू ओरिजिन कंपनी के रॉकेट से उन्होंने यह यात्रा की। रॉकेट ने शाम 7 बजे टेक्सास के वेन होर्न लॉन्च पैड से उड़ान भरी। करीब 11 मिनट के बाद मिशन वापस लौटा। इस दौरान रॉकेट ने 200 किमी का सफर तय किया। 1963 के बाद अंतरिक्ष यात्रा पर जाने वाला ये पहला ऑल विमेन क्रू है। इससे पहले 1963 में रूसी इंजीनियर वेलेंटिना तेरेश्कोवा ने अकेले अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

## वक्फ कानून के खिलाफ हिंसा

# 24 परगना में पुलिस की गाड़ियां जलायीं

- प्रदर्शनकारियों ने हाइवे जाम किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुर्शिदाबाद।** वक्फ कानून के खिलाफ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा होने के बाद अब दक्षिण 24 परगना में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई है। बसंती हाइवे पर बैरमपुर में पुलिस ने इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आइएसएफ) के कार्यकर्ताओं को लेकर जा रही एक गाड़ी को रोका, जिससे अशांति फैल गयी। दरअसल, भांगर, मिनाखा, संदेशखाली से आइएसएफ कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान सुबह 10 बजे हाइवे जाम कर दिया था। रामलीला मैदान जा रहे कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घेर लिया। इन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। हाइवे पर हालात काबू में आ गये, लेकिन उग्र भीड़ ने शोणपुर में पुलिस की पांच बाइक में तोड़फोड़ की और उनमें आग लगा दी। कैदियों को ले जाने वाली वैन को पलट दिया और उसमें भी तोड़फोड़ की। ये कार्यकर्ता इंडियन



सेक्युलर फ्रंट के विधायक नौशाद सिद्दीकी के कहने पर कोलकाता के रामलीला मैदान में होने वाली जनसभा में शामिल होने जा रहे थे। जनसभा के दौरान नौशाद ने ये आरोप लगाया कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों ही वोट बैंक की राजनीति के लिए पश्चिम बंगाल में धर्म से खेल रहे हैं। इन्हें आर्थिक विकास की कोई चिंता नहीं है।

इधर, मुर्शिदाबाद में 10-12 अप्रैल बीच हुई हिंसा के बाद अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। सोमवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर जावेद शमीम ने बताया कि दुकानें खुलने लगी हैं। अब तक 19 विस्थापित परिवार अपने घर लौट चुके हैं। मालदा और मुर्शिदाबाद जिला प्रशासन मिलकर लोगों की सुरक्षित वापसी करवा रहा है। अब तक 210 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## प्रधानमंत्री ने यमुनानगर में कांग्रेस पर साधा निशाना

# मुसलमानों से हमदर्दी, तो मुस्लिम अध्यक्ष बनाये कांग्रेस : नरेंद्र मोदी

- वक्फ कानून का सही इस्तेमाल होता तो मुसलमानों को पंचर बनाने की जरूरत नहीं पड़ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**हिसार/यमुनानगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हरियाणा दौरे पर थे। सुबह करीब 10 बजे उन्होंने हिसार में हरियाणा के पहले एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यहां से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखायी। इसके बाद वह यमुनानगर पहुंचे। यहां उन्होंने 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट, कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास और रेवाड़ी बाइपास का उद्घाटन किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि देश आजाद होने के बाद 2013 तक वक्फ का कानून चलता था। 2013 में कांग्रेस ने कानून में संशोधन कर दिया, ताकि चुनाव में वोट पा सके। कानून को ऐसा बना दिया कि बाबा साहेब के संविधान की ऐसी-तैसी कर दी। इसका सही उपयोग होता, तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि ऐसा मुसलमानों के हित में किया। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर सच्चे मन से मुसलमानों के लिए थोड़ी भी हमदर्दी है, तो कांग्रेस पार्टी अपनी पार्टी का अध्यक्ष किसी मुसलमान को बनाये, लेकिन इनके नेता ऐसा कुछ नहीं करेंगे। ये सिर्फ देश के नागरिकों के अधिकारों को छीनना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें यह कभी नहीं भूलना है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया। कांग्रेस ने उन्हें दो बार चुनाव हराकर अपमानित किया। कांग्रेस संविधान की भक्षक बन गयी है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने



**मोदी ने हरियाणा के रामपाल को जूते पहनाये**

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को यमुनानगर में रामपाल कश्यप को जूते पहनाए। रामपाल ने 14 साल पहले कसम खाई थी कि जब तक मोदी पीएम नहीं बन जाते और उनसे खुद नहीं मिल लेते, तब तक जूते नहीं पहनेंगे। इस इंतजार में 14 साल तक नंगे पांव रहे। मोदी हरियाणा के हिसार में एयरपोर्ट के उद्घाटन और यमुनानगर में 800 मेगावाट के नए थर्मल प्लांट का शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस दौरान वे कैथल के रहने वाले रामपाल से मिले। बातचीत के दौरान पीएम ने कहा, 'ऐसा व्रत दोबारा ना करें।' मोदी ने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया।

# आरोपी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

- भारत की प्रत्यर्पण अपील के बाद एक्शन

एजेंसी

**ब्रुसेल्स।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को पुलिस ने बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि भारतीय जांच एजेंसियों की प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को उसकी गिरफ्तारी हुई। फिलहाल वह जेल में है। भारत ने बेल्जियम के साथ चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस ने चोकसी को गिरफ्तार करते समय दो गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया। ये मुंबई की एक अदालत ने जारी किये थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि वारंट 23 मई 2018 और 15 जून 2021 के थे। बेल्जियम में गिरफ्तारी के बाद मेहुल चोकसी ने अपनी खराब सेहत का हवाला देते हुए कोर्ट में जमानत मांगने का प्रयास कर रहा है। उसकी ओर से कहा गया है कि वह इलाज कराने के लिए बेल्जियम आया था। अपनी पत्नी के साथ एंटवर्प में रह रहा था।

**स्विट्जरलैंड भागने की तैयारी कर रहा था चोकसी :** चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला



करने का आरोप है। पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है। मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था।

**इलाज के लिए प्रत्यर्पण रोकने की अपील करेगा चोकसी :** चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि उनका मुवक्किल जमानत के लिए अपील दायर करेगा। इस दौरान वह यह भी अपील करेगा कि उसे हिरासत में न रखा जाये और कैद से बाहर रहकर उसे खुद का बचाव करने और प्रत्यर्पण अपील का विरोध करने की अनुमति दी जाये। वकील ने कहा कि अपील में कहा जायेगा कि चोकसी के भागने का कोई जोखिम नहीं है। वह बहुत बीमार है और कैंसर का इलाज करा रहा है।






# श्रीराम मंदिर की तर्ज पर बनेगा तपोवन मंदिर, मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास

**सीएम हेमंत सोरेन ने राज्य की उन्नति, सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अयोध्या के श्री राम मंदिर की तर्ज पर रांची शहर में भी मंदिर बनेगा, जिसका सोमवार को निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिलान्यास किया। लगभग 100 करोड़ की लागत से बन रहे इस मंदिर का शिलान्यास करते हुए मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा और लोगों को बधाई दी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रांची के निवारणपुर स्थित श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के नवनिर्माण के लिए आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की।

उन्होंने कहा कि हमें इस स्थान के प्रति लोगों की आस्था को और बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। इससे पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिला पूजन में शामिल हुए। उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से शिला पूजन किया और उसे मंदिर निर्माण स्थल पर स्थापित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के साथ जय श्री राम का नारा भी लगाया।

तपोवन मंदिर न्यास समिति ने अगले तीन साल में मंदिर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा है। पिछले साल नौ अगस्त को अयोध्या श्रीराम मंदिर के चंपक राय के हाथों यहां भूमि पूजन हुआ था। तपोवन मंदिर के महंत ओमप्रकाश शरण कहते हैं कि भक्तों की आस्था और समर्पण से यह निर्माण कार्य शुरू हुआ है, जिसमें मुख्य यजमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रहे।

उन्होंने कहा कि तपोवन का यह मंदिर करीब 62 फीट ऊंचा और 108.108 (11664) वर्ग फीट का होगा। इस मंदिर में मकराना से लाये गये पत्थर का इस्तेमाल किया जा रहा है, जो विश्व प्रसिद्ध है।

शिला पूजन में शामिल पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि जब अयोध्या में श्री राम मंदिर बना तो सभी को लगने लगा था कि रांची में भी ऐसा मंदिर बनना चाहिए। प्रभु की प्रेरणा और आशीर्वाद से भक्त इसमें आगे बढ़े हैं, इसकी शुरूआत आज से हो गयी है। लोगों में उत्साह है और सभी लोग बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा ले रहे हैं।

रांची में बन रहा यह मंदिर नागर शैली में होगा, जिसे देखकर लोग रांची में भी सोमनाथ और दक्षिण भारत की नागर शैली में बने अन्य मंदिरों की तरह इसका आनंद लेंगे। इस मंदिर का डिजाइन सोमनाथ और अयोध्या श्री राम मंदिर के आर्किटेक्ट रहे परिवार के वंशज आशीष सोनपुरा ने तैयार किया है। यह न केवल भूकंपरोधी होगा।

## देवघर एसपी ने की प्रोटोकॉल की अवमानना, नेता प्रतिपक्ष के फोन को नहीं किया रिसीव




**रांची (आजाद सिपाही)। देवघर एसपी की ओर से प्रोटोकॉल के उल्लंघन का मामला सामने आया है। सोमवार को किसी मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी देवघर पुलिस अधीक्षक से बात करना चाहते थे। मरांडी के वरीय निजी सचिव राजेंद्र तिवारी ने अपने दोनों मोबाइल फोन से देवघर एसपी को दिन के पौने दो बजे 7 बार कॉल किया लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इस बीच में एसपी के नंबर पर टेक्स्ट मैसेज भेजते हुए लिखा कि बाबूलाल मरांडी बात करना चाहते हैं इसके बावजूद कॉल बैक नहीं किया गया। फिर तीन बजे अपराह्न में व्हाट्सएप भेजा गया फिर भी बात नहीं हुई। व्हाट्सअप देखने के बाद निजी सचिव ने सातवीं बार फोन किया लेकिन फिर भी कॉल रिसीव नहीं किया गया।**

# पश्चिम बंगाल में हिंसा कहीं से सही नहीं : अन्नपूर्णा देवी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंसा कहीं से सही नहीं है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में सिर्फ एक समुदाय के अलावा अन्य समुदाय के लोग भी रहते हैं, जिन्हें सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेवारी पश्चिम बंगाल की सरकार पर है। केंदीय मंत्री सोमवार को गिरिडीह में पत्रकारों से बात कर रही थीं। केंद्रीय मंत्री ने मुर्शिदाबाद के हालात पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंसा का वीभत्स रूप देखा जा रहा है। जिसे कहीं से भी अच्छा नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि उपद्रवी लोगों के घरों में घुसकर हिंसा कर रहें हैं लोगों के घरों को जलाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि लोगों की हत्या तक की जा रही है और आलम यह है कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार लगातार हिंसा को बढ़ावा देने पर अमादा है। केंदीय मंत्री ने कहा कि केवल खास समूह को इस तरह का कृत्य करने के लिए सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है और मुझे लगता है कि यह सही नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने पश्चिम बंगाल सरकार की नीयत पर सवाल उठाया और कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार क्या किसी खास समूह के लिए ही बनी है और खास समूह के लिए ही काम कर रही है। उन्होंने कहा है कि सर्वोच्य सदन ने जिस बिल को पास कर दिया है और राष्ट्रपति ने उस बिल पर मुहर लगा दी है और अब वह कानून बन गया है, उस बिल के विरोध में इस तरह की हिंसा होना कानून व्यवस्था के लिए कतई सही नहीं है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर संविधान निर्माता को श्रृद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेश साव, जिला अध्यक्ष महादेव दुबे सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मेरी नजर में शरीयत पहले, फिर देश का संविधान : हफीजुल हसन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल हसन का एक ऐसा बयान सामने आया है जिसे लेकर सूबे की सियासत गरमा गयी है।



### हफीजुल हसन ने क्या कहा?

एक चैनल से बातचीत में झारखंड के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि मेरे लिये शरीयत बड़ा है। हम कुरान सीने में रखते हैं और हाथ में संविधान। मंत्री ने कहा कि मुसलमानों के लिए शरीयत पहले है, फिर देश का संविधान। इसके बाद विपक्षी भाजपा हमलावर हो गयी और बयान पर सियासी माहौल गरम हो गया। झारखंड भाजपा ने एक्स पर लिखा- जिनके दिल में शरीयत है, उनके लिए पाकिस्तान और बांग्लादेश के दरवाजे खुले हैं। भारत केवल बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान पर चलेगा और सर्वोच्च रहेगा। वहीं, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने मंत्री हफीजुल हसन को ऐसे बयानों से बचने की सलाह दी है। वहीं रामगढ़ से कांग्रेस की विधायक ममता देवी ने कहा कि उनके लिए देश का संविधान ही सबकुछ है। उन्होंने झामुमो कोटे के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी के 'शरीयत फिर संविधान' वाले बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# मंत्री हफीजुल के लिए संविधान नहीं, शरीयत मायने रखता है : बाबूलाल

**कांग्रेस-झामुमो स्पष्ट करें, हफीजुल हसन के संविधान से संबंधित बयान पर सहमत हैं या असहमत**

**हफीजुल के बयान के खिलाफ भाजपा प्रदेश में करेगी आंदोलन, जनता के बीच जायेगी पार्टी**

**सीएम से की मंत्री हफीजुल हसन को मंत्रिमंडल से बाहर करने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को राज्य सरकार के मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। श्री मरांडी गिरिडीह में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। कहा कि मंत्री हफीजुल हसन का बयान निंदनीय है जिसमें उन्होंने कहा है कि वे भारतीय संविधान से ऊपर शरीयत कानून को मानते हैं। बयान से यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस झामुमो के लोग चाहे लोकसभा, राज्यसभा हो या विधानसभा,संविधान को पॉकेट में लेकर घूमते हैं जो संविधान का भद्दा मजाक है। इंडी गठबंधन का यही वास्तविक चरित्र है जिसका प्रकटीकरण हफीजुल हसन की जुबान से प्रकट हुआ है। आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर जिस प्रकार से एक संवैधानिक पद पर बैठे राज्य के मंत्री से संविधान का अपमान हुआ, यह अक्षम्य अपराध है। राष्ट्र विरोधी, संविधान विरोधी बयान है। इसलिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तत्काल मंत्रिमंडल से हफीजुल हसन को बर्खास्त करना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी और झामुमो से सवालिया लहजे में पूछा कि वे बतायें कि हफीजुल हसन के बयान से सहमत हैं या असहमत। यदि मंत्रिमंडल से हफीजुल हसन की बर्खास्तगी नहीं होती है तो यह माना जायेगा कि इंडी गठबंधन के लोग मंत्री हफीजुल हसन के बयान से सहमत हैं और संविधान के पालन का केवल नाटक करते हैं। तुष्टिकरण की राजनीति में आकंठ डूबा इंडी गठबंधन शरिया के आधार पर देश चलाना चाहता है। आज हिंदू समाज के पर्व त्यौहार में जो पत्थरबाजी होती है, तनाव होते हैं, यह तुष्टिकरण नीति को इंडी गठबंधन की सत्ता के द्वारा ऐसे संविधान विरोधियों के संरक्षण का परिणाम है।

श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जायेगी। पूरे प्रदेश में पार्टी आंदोलन करेगी। जनता को जानना चाहिए कि कांग्रेस झामुमो के लोग संविधान से नहीं शरीयत से देश और प्रदेश को चलाना चाहते हैं।

## चाइबासा में नक्सल विरोधी अभियान की समीक्षा बैठक

# अभियान और भी मजबूती से आगे बढ़ेगा : डीजीपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में पश्चिमी सिंहभूम, चाइबासा जिले में संचालित नक्सल विरोधी अभियानों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), झारखंड जगुआर (एसटीएफ), कोबरा और जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस समीक्षा बैठक में अभियान की वर्तमान स्थिति, इलाके की भौगोलिक चुनौतियां और सुरक्षा बलों की तैनाती की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। पुलिस महानिदेशक ने अभियान में सक्रिय सभी सुरक्षा बलों एवं जवानों से व्यक्तिगत बातचीत कर उनके कार्यों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। बैठक में नक्सल विरोधी अभियानों को और प्रभावी एवं संगठित ढंग से संचालित करने को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही, क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत करने एवं सुरक्षात्मक उपायों को और सुदृढ़ बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में साकेत कुमार सिंह (भा.पु.से.), पुलिस महानिरीक्षक, सीआरपीएफ झारखंड सेक्टर अखिलेश झा (भा.पु.से.), पुलिस महानिरीक्षक, दक्षिण छोटानागपुर प्रक्षेत्र, रांची; अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक (अभियान), झारखंड रांची, अनुप बिरथरे (भा.पु.से.), पुलिस महानिरीक्षक, झारखंड जगुआर (एसटीएफ), रांची, पूरन सिंह रन सत्तू, पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन), सीआरपीएफ चाइबासा, आशुतोष शेखर (भा.पु.से.), पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी सिंहभूम, चाइबासा एवं अन्य वरीय पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक का मुख्य उद्देश्य नक्सल विरोधी अभियानों की प्रगति की समीक्षा करना, उनकी चुनौतियों को समझना और आगामी रणनीतियों को लेकर समन्वय स्थापित करना रहा। पुलिस महानिदेशक ने अभियान में लगे सुरक्षाबलों की सराहना करते हुए उनके समर्पण की प्रशंसा की और भरोसा जताया कि आने वाले दिनों में अभियान और भी मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा।

## दुमका में दंपति की चाकू घोपकर हत्या

**दुमका (आजाद सिपाही)। जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र में डबल मर्डर से सनसनी फैल गयी है। घटना गोपीकांदर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में एक दंपति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गयी है। मृतक की पहचान मोहन सोरेन और पत्नी बोरोनिका हेंब्रम के रूप में हुई है। घटना से गांव के लोग स्तब्ध हैं। मृतक दंपति मामा के घर में रहता था। जमीन संबंधी विवाद में वारदात को अंजाम दिये जाने की आशंका जतायी जा रही है। पुलिस मामले की जांच के लिए गांव में पहुंच छानबीन में जुट गयी है। डीएसपी खुद घटनास्थल पर मौजूद हैं। डॉग स्क्वायड और अन्य सीनियर ऑफिसर्स को जांच के लिए बुलाया गया है। वरीय पदाधिकारियों और डॉग स्क्वायड को घटनास्थल पर बुलाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

# संविधान का अपमान करने वाले मंत्री को तत्काल बर्खास्त करे सरकार : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार के मंत्री के शरीयत को संविधान से ऊपर बताने वाले बयान की कड़ी भर्त्सना की है। उन्होंने कहा कि एक ओर वे संविधान की शपथ लेकर मंत्री पद लेते हैं, दूसरी ओर शरीयत को संविधान से बड़ा भी बताते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण, शर्मनाक और अपमानजनक है। यही इनका असली चेहरा है। आज पूरा देश संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मना रहा है। ऐसे समय में इस तरह का बयान देना न केवल बाबा साहब का अपमान है, बल्कि देश के संविधान का अपमान है और संवैधानिक पद का भी अपमान है। ऐसे मंत्री को तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए। ऐसे बयान देने वाले मंत्री को भी यह पद छोड़कर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आदि किसी संस्था में कोई पद ले लेना चाहिए। शरीयत की वकालत करने वाले मंत्री क्या सजा में भी शरीयत कानून लागू करने के पक्ष में हैं, जिसमें अपराध करने पर कोड़े मारने का प्रावधान है।

## मंत्री हफीजुल के लिए संविधान का कोई मूल्य नहीं : निशिकांत दुबे



**वहीं, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने भी मंत्री हफीजुल हसन और कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस और उनके सहयोगियों के लिए बाबा साहब अंबेडकर के संविधान का कोई मूल्य नहीं है, यह हैं झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल अंसारी, इनके अनुसार पहले सरिया कानून यानी मुस्लिम संविधान फिर कोई संविधान।**

# झारखंड के राशन कार्डधारियों को ज्यादा चावल ही मिलेगा

**झारखंड सरकार ने केंद्र को पत्र लिख कर चावल की मात्रा बढ़ाये जाने का अनुरोध किया था**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लाभुकों को अब फिर से 80 फीसदी चावल ही मिलेगा। केंद्र सरकार ने अपने फैसले को संशोधित कर लिया है। पूर्व में केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को पत्र लिख कर 68 अनुपात 32 के तहत चावल और गेहूं देने की बात कही थी। इस अनुपात में झारखंड को पिछले वर्ष तीन-चार महीने तक चावल और गेहूं की आपूर्ति भी की गयी। लेकिन झारखंड सरकार ने इसका कड़ा विरोध किया। झारखंड सरकार ने केंद्र को पत्र लिख कर चावल की मात्रा बढ़ाये जाने का अनुरोध किया। तर्क दिया गया कि झारखंड में जनवितरण प्रणाली के लाभुकों की पसंद चावल अधिक है। झारखंड में एसटी समुदाय के लोगों में चावल की खपत अधिक है। पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों में गेहूं को लोग ज्यादा पसंद करते हैं। झारखंड सरकार के इस अनुरोध के बाद केंद्र सरकार ने अप्रैल 2025 से 80 अनुपात 20 के तहत चावल और गेहूं देने पर सहमति दे दी है। इसी नियम के तहत इस माह जनवितरण प्रमाणी के दुकानों से लाभुकों को चावल और गेहूं देना प्रारंभ कर दिया गया है। 80 अनुपात 20 का मतलब यह है कि अगर झारखंड को 100 किलोग्राम खाद्यान्न मिलता है तो उसमें 80 किलोग्राम चावल और 20 किलोग्राम गेहूं होगा। चावल और गेहूं को लेकर पूर्व में भी झारखंड और केंद्र सरकार के बीच विवाद होता रहा है। झारखंड की ग्रामीण आदिवासी जनता गेहूं की जगह चावल को ज्यादा पसंद करते हैं। झारखंड में गेहूं की कम खेती और खपत होती है।

# गलत तरीके से जमीन का म्यूटेशन कराया, कर्रा की पूर्व सीओ पर कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**पूरे मामले में खूंटी सीओ की दो वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा थी, जिस पर विचार कर एक वेतन वृद्धि रोकने का ही दंड दिया गया है**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और तत्कालीन अंचल अधिकारी कर्रा, खूंटी निशा तिर्की की असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने का दंड अधिरोपित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। उनके विरुद्ध यह आरोप था कि कर्रा प्रखंड के मौजा गुस्साटोली थाना नंबर 47 के खाता नंबर 102 प्लॉट संख्या 887 रकबा 0.29 एकड़ जो जिला बोर्ड की भूमि है। उसमें एक क्रेता संदीप कुमार केसरी द्वारा उपरोक्त प्लॉट संख्या 887 को खाता संख्या 5 में दर्शाते हुए रकबा 0.28 एकड़ भूमि के दाखिल खारिज के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया तो उक्त आवेदन की प्रवृष्टि पंजी-27 में किये बिना नामांतरण करते हुए अवैध जमाबंदी प्रारंभ कर दिया गया था और ऑनलाइन प्रवृष्टि भी कर दी गयी।

उक्त नामांतरण कार्य में मूल खतियान का भी अवलोकन नहीं किया गया। नामांतरण के बाद मूल पंजी से रकबा भी घटा दिया गया। मामला सामने आने के बाद डीसी खूंटी ने स्पष्टीकरण पूछा और प्रपत्र क गठित करते हुए सरकार को कार्रवाई की अनुशंसा की। विभाग ने भी स्पष्टीकरण पूछा जिसमें जवाब आया कि वे अधिनस्थ कर्मियों पर भरोसा करते हुए यह कार्रवाई की। हालांकि बाद में नामांतरण रद्द करने की अपील की जिसे भूमि सुधार उप समाहर्ता के खूंटी के कोर्ट द्वारा निरस्त कर दिया गया। पूरे मामले में खूंटी सीओ की दो वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा थी, जिस पर विचार कर एक वेतन वृद्धि रोकने का ही दंड दिया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.1°c | 19.5°c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.09 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.29 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## झामुमो का महाधिवेशन : पंचायत से लेकर लोकसभा तक पार्टी भाजपा की लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ेगी

# असम, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल तक विस्तार का एलान



जेएमएम के महाधिवेशन में पिता शिबू सोरेन को ह्वील चेयर पर खुद लेकर पहुंचे सीएम हेमंत सोरेन।



जेएमएम के महाधिवेशन में दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किये। साथ में सीएम हेमंत सोरेन भी उनके पीछे मदद के लिए मौजूद थे।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो के दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन की शुरुआत सोमवार को रांची में डॉ भीमराव अंबेडकर प्रांगण में हुई। झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अगुवाई में पार्टी ने राज्य के गांव-गरीब और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। महाधिवेशन में पार्टी की 108 पन्नों की सांगठनिक रिपोर्ट पेश की गयी। विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है।



### राजनीतिक सक्रियता बढ़ायेगा जेएमएम

महाधिवेशन में घोषणा की गयी कि झामुमो अब असम, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल की सीटों पर भी अपनी राजनीतिक सक्रियता बढ़ायेगा। असम में सूबे के प्रवासियों को संगठित कर चुनाव लड़ने की योजना है।

### लोकसभा चुनाव का लक्ष्य

महाधिवेशन में यह भी तय हुआ कि पार्टी पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर स्तर पर भाजपा की असमानता और लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ेगी। 56 विधायकों की एकता को भाजपा की 56 इंच वाली राजनीति पर तीर के तौर पर बताया गया। महाधिवेशन का समापन 15 अप्रैल को होगा।

### बदलाव का संकल्प

कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झामुमो ने एक लंबा संघर्ष तय कर यह मुकाम हासिल किया है। अब पार्टी का लक्ष्य झारखंड के कोने-कोने तक बदलाव लाना है। हम जीवन और जीविका की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं।

### निशाने पर भाजपा

झामुमो अध्यक्षीय समिति के सदस्य स्टीफन मरांडी ने कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ राजनीतिक कुचक्र रचे, सीबीआइ, इडी और इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया। मनगढ़ंत आरोप लगाकर उन्हें राजभवन से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए काला अध्याय है। यह कार्रवाई संविधान और लोकतंत्र पर हमले के रूप में दर्ज रहेगी।

### प्रवासी श्रमिकों का जिक्र

महाधिवेशन में झारखंड के प्रवासी मजदूरों की सकुशल वापसी, राज्य खजाने की स्थिति में सुधार और कोरोना काल में सरकार के प्रयासों को उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया गया। हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मॉडल देशभर में उदाहरण बना है।

### आदिवासी अधिकारों पर बल

झामुमो ने आदिवासी और मूलवासी समुदाय के भूमि अधिकारों की बात दोहरायी। पार्टी ने जल, जंगल, जमीन पर समुदाय के अधिकार को फिर से रेखांकित किया और भूमि वापसी अधिनियम बनाने, जंगल में रहने वालों को स्थायी पट्टा देने और परिसीमन के विरोध का एलान किया। पार्टी ने कहा कि प्रस्तावित परिसीमन की आड़ में जनजातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को कम करने की साजिश रची जा रही है।

## कल्पना को आज मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन को मंगलवार को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। सोमवार को मोर्चा के महाधिवेशन में सूत्रों के हवाले से ये खबर आयी है। कहा गया है कि मंगलवार को इसकी विधिवत घोषणा की जायेगी। गौरतलब है कि सोमवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन व्हिल चेयर पर बैठकर झामुमो के 13वें महाधिवेशन में पहुंचे। इस मुवमेंट की तस्वीर भी सामने आयी है। जिसमें देखा जा सकता है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने पिता शिबू सोरेन के पीछे खड़े हैं। हेमंत सोरेन ह्वील चेयर को पकड़े हुए दिखायी पड़ रहे हैं। मौके पर शिबू सोरेन की पत्नी रूपी सोरेन भी उनके साथ नजर आ रही हैं। वह भी ह्वील चेयर पर बैठकर ही इस महाधिवेशन में पहुंची हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा कर लिखा है कि झारखंड ही नहीं, पूरे देश-दुनिया के लोग आदरणीय दिशोम गुरुजी को आदर-सम्मान की नजरों से देखते हैं। आदरणीय दिशोम गुरुजीजी के नेतृत्व और असंख्य क्रांतिकारियों के संघर्ष और बलिदान के बाद हमें झारखंड अलग राज्य मिला। आदरणीय दिशोम गुरुजी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का जो विशाल पेड़ लगाया है, और जिस पेड़ की जड़ें झारखंड के घर-घर में फैली हुई हैं, उसे सींचने का काम हमें करना है। हमारे अगुआ नेताओं के संघर्ष को सम्मान देने का काम हमें करना है।





## कार्यक्रम : डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने मानव शृंखला बनायी

# भाजपा संविधान को समाप्त कर मनुस्मृति लाना चाहती है : के राजू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने मानव श्रृंखला बनायी। सोमवार को प्रदेश कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने डोरंडा स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा से लेकर स्वामी विवेकानंद चौक, स्वर्गीय देवेंद्र मांझी चौक होते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा तक मानव श्रृंखला का निर्माण किया। कतारबद्ध कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को संविधान की प्रति हस्तांतरित की। यह सिलसिला डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा तक जारी रहा। जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संविधान की प्रति ग्रहण कर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू को सौंपा। जिसे के राजू ने राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा के समक्ष रखकर नेताओं कार्यकर्ताओं को संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाया। इस दौरान संविधान रक्षा सभा का आयोजन किया गया और झांकी भी निकाली गयी। वहीं के राजू ने कहा कि मानव श्रृंखला के माध्यम से हमने देश को एक संदेश देने का काम किया है। इस श्रृंखला के माध्यम से संविधान को एक दूसरे को हस्तांतरित करने का उद्देश्य है कि आज कांग्रेस के हर कार्यकर्ता ने संविधान की रक्षा के उत्तरदायित्व का भार अपने ऊपर ले लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश से संविधान को समाप्त कर मनुस्मृति लाना चाहती है और मनुस्मृति वर्ण व्यवस्था लाने का माध्यम है। आज देश में दो विचारधाराएं हैं एक मनुस्मृति को मानने वालों का दूसरा संविधान को मानने वालों का, हम संविधान के साथ हैं और इसकी रक्षा हमारा दायित्व है।



### भाजपा अपने मंसूबों में नाकाम हो रही है : केशव महतो कमलेश

केशव महतो कमलेश ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान की रक्षा का अभियान लगातार जारी है। देश की एकजुट जनता के विरोध के कारण भाजपा अपने मंसूबों में नाकाम हो रही है और यही कारण है कि भाजपा जनता के बीच दरार पैदा करना चाहती है। आज धार्मिक ध्रुवीकरण का प्रयास जनता द्वारा चुनी हुई सरकार के द्वारा किया जा रहा है जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है इस संकट को समझ कर हमें सचेत रहना है। कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि अगर भाजपा अपने मंसूबों में सफल हो गयी, संविधान में बदलाव हुआ तो जनता मनुस्मृति काल में चली जायेगी। सामाजिक परिस्थितियां भयावह हो जायेंगी, हमें इस स्थिति से लोगों को बचाना है। इसलिए कांग्रेस की विशेष जिम्मेवारी है। विधायक दल उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि संघर्ष कठिन है लेकिन हमें हर वक्त तैयार रहना होगा। एक तरफ गोड्से से और मनुस्मृति की विचारधारा है, दूसरी तरफ गांधी और बाबा साहब की विचारधारा देश में चल रही है। हमें यह तय करना है कि हमें किस विचारधारा से देश को आगे बढ़ाना है। सभा को कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बलमुचू, राजेश ठाकुर, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, सुरेश बैठा, ममता देवी, शहजादा अनवर, जलेश्वर महतो, केदार पासवान ने भी संबोधित किया। सभा का संचालन महानगर अध्यक्ष कुमार राजा एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख मुख्य रूप से डॉ रामेश्वर उरांव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, बंधु तिर्की, भूषण बाड़ा, निशात आलम, बन्ना गुप्ता, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, शमशेर आलम, रवींद्र सिंह, कुमार गौरव, राकेश सिन्हा, सतीशपॉल मुंजनी, लाल किशोर नाथ शाहदेव, संजय पांडेय, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, निरंजन पासवान, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, गुंजन सिंह, विनय उरांव सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

कार्यक्रम की समाप्ति पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे एवं लाल किशोरनाथ शाहदेव ने आयोजन की सफलता के लिए सभी का आभार जताया।

### हाथ में संविधान और मन में अधिकार पाने का संकल्प लेने का दिन : शिल्पी नेहा तिर्की

रांची। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कांग्रेस द्वारा आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम में राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भाग लिया। इस मौके पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कांग्रेस के मानव श्रृंखला कार्यक्रम ने संविधान को एक दूसरे के साथ जोड़े रखने का संदेश दिया है। आज के दिन हाथ में संविधान और मन में अधिकार पाने का संकल्प लिए आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर को नमन करने वालों की भीड़ लगी है। कल तक अपने संगठन कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराने से परहेज करने वाले भी आज जय भीम का नारा लगा रहे हैं। इस राजनीति को समझने की जरूरत है। राज्य में एससी, एसटी, पिछड़ा, अल्प संख्यक समाज के अधिकार पर लगातार हमला हो रहा है। संविधान के तहत मिले अधिकार को खत्म करने की साजिश रची जा रही है। ऐसे तमाम साजिश के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करना होगा। ये हमारे आपके और हम सबके के साझा प्रयास से ही संभव है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की इस दौरान संविधान रक्षा को लेकर बनायी गयी। आकर्षक झांकी में भी शामिल हुईं। ये झांकी कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में निकाली गयी थी।



## राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने राजभवन में डॉ अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी बाबा साहब को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के डोरंडा स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहब का जीवन, संघर्ष और उनके विचार सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in




# सीसीएल परिवार ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) परिवार ने महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस पावन अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस में डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में निदेशक (मास) हर्षनाथ मिश्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, विभागाध्यक्षगण, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस दिन को और भी विशेष बनाते हुए गांधीनगर अस्पताल परिसर में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर की एक नयी प्रतिमा का अनावरण किया गया, जो सामाजिक न्याय, समानता और सशक्तिकरण के उनके संदेश का प्रतीक बनेगी।

# सीएमपीडीआइ ने वंचित युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सोमवार को सीएमपीडीआइ की सीएसआर पहल के तहत एक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य रांची और आसपास के क्षेत्रों के 90 सामाजिक एवं आर्थिक रूप से वंचित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस सीएसआर पहल के अंतर्गत सीएमपीडीआइ द्वारा आइसीए फाउंडेशन-कोलकाता के सहयोग से सीनियर एसोसिएट-ट्रांजेक्शनल फाइनेंशियल एंड अकाउंटिंग की उच्च मांग वाली नौकरी में 90 युवा व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रांची में आयोजित उद्घाटन समारोह में दीपक प्रकाश ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम हमारे समाज के वंचित वर्गों के लिए नयी उम्मीद लेकर आया है। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा, महाप्रबंधक संदीप भगत और आइसीए फाउंडेशन-कोलकाता से रजनीश पांडेय उपस्थित थे।

# सीएमपीडीआइ में डॉ भीमराम अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएमपीडीआइ के मयूरी हॉल में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीकी/ सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/ पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार, महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, ओबीसी एवं सिस्टा के प्रतिनिधि आदि ने डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मनोज कुमार ने कहा कि संविधान कैसे नागरिकों को सशक्तीकरण प्रदान करता है एवं उनकी रचना वर्तमान काल में भी सामाजिक न्याय एवं समानता के मुहिम को प्रेरित करती रहती है। मौके पर शंकर नागाचारी, अजय कुमार, केएम डार्विन, गोरेलाल पासवान, एसके रवि, के रविदास और राजेश साव आदि ने अंबेडकर जी की जीवनी एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

# पारस हॉस्पिटल : अत्याधुनिक कैंसर सेंटर की हुई शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचइसी ने अब एक नये रूप में अपनी सेवाओं का विस्तार करते हुए खुद को मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल विथ कैंसर सेंटर के रूप में स्थापित कर लिया है। यह परिवर्तन न केवल चिकित्सा सुविधाओं में उन्नयन का संकेत है, बल्कि मरीजों को एक ही स्थान पर संपूर्ण और समर्पित इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अब पारस हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, गेस्ट्रोएंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, क्रिटिकल केयर सहित अत्याधुनिक कैंसर ट्रीटमेंट सेंटर भी उपलब्ध है, जो आधुनिक तकनीकों और अनुभवी विशेषज्ञों के माध्यम से मरीजों को बेहतर इलाज प्रदान करेगा। पारस हॉस्पिटल में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन की सुविधा शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही हॉस्पिटल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के माध्यम से जांच से लेकर इलाज तक अब मरीजों को एक ही छत के नीचे मिलेगा। मरीजों को संपूर्ण कॉम्प्रिहेंसिव केयर मिलेगा। पारस हॉस्पिटल एचइसी रांची का पहला ऐसा हॉस्पिटल है, जो मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं के साथ कैंसर के इलाज की संपूर्ण इलाज होगा। अब कैंसर के मरीजों को किसी बड़े शहरों में इलाज कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर पारस ग्रुप के एमडी डॉ. धरमिंदर नागर ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा मरीजों को संपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करना रहा है। इस अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में कैंसर हॉस्पिटल का खुलने से मरीजों का काफी फायदा मिलेगा।

ग्रुप सीओओ विनीत अग्रवाल ने कहा कि पारस हॉस्पिटल ने मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के साथ अब एक अत्याधुनिक कैंसर सेंटर की शुरूआत करके इस दिशा में एक सशक्त कदम उठाया है। एचओडी और सीनियर कंसल्टेंट पद पर कार्यरत मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ गुंजेश कुमार सिंह ने कहा कि पारस हॉस्पिटल एचइसी में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन की शुरूआत होने जा रही है। अब पारस हॉस्पिटल पूरी तरह से ऑन्कोलॉजी सेंटर बन जायेगा। अब यहां कैंसर का इलाज कराना सुलभ और आसान होगा। पारस हॉस्पिटल अब मल्टी सुपर स्पेशियलिटी विथ कैंसर सेंटर के रूप में में जाना जायेगा। पारस हॉस्पिटल एचइसी में हेड नेक सर्जिकल ऑन्को सर्जन डॉ मदन गुप्ता ने कहा कि कैंसर के इलाज में सर्जरी, कीमेथेरेपी और रेडियेशन की जरूरत होती है। पारस हॉस्पिटल में अब इन तीनों तकनीक से मरीजों का इलाज होगा। पारस हॉस्पिटल के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ निशांत भारद्वाज ने कहा कि अब पारस हॉस्पिटल पूरी तरह से ऑन्कोलॉजी सेंटर बन जायेगा। पारस हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने बताया कि पारस हॉस्पिटल में कैंसर से संबंधित सभी प्रकार के जांच और इलाज की सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध है। पारस हॉस्पिटल एचइसी के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि अगर समय पर कैंसर की पहचान हो जाये, तो इसका इलाज संभव है।

इस अवसर पर विधायक नवीन जयसवाल, डॉ कपिल गर्ग, डॉ श्रवणी घोष, डॉ श्वेताभ सिन्हा, मनोज लकड़ा समेत हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# एसबीयू में ड्रोन और रोबोटिक्स लैब शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड के छात्र-छात्राओं को अब ड्रोन और एआइ संबंधित शोध कार्य के लिए राज्य के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अत्याधुनिक तकनीक और सुसज्जित लैब से युक्त रोबोटिक्स रिसर्च लैब का उद्घाटन सोमवार को महिलौंग स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय में किया गया। राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसबीयू की कुलाधिपति जयश्री मोहता के प्रमुख सलाहकार डॉ अजीत रानाडे, विवि के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन, कुलसचिव प्रो एस के दंडीन, डीन डॉ पंकज गोस्वामी समेत विवि के शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। ड्रोन मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर मिलिंद राज ने इस लैब का प्रारूप तैयार किया है। आनेवाले दिनों में इस लैब के माध्यम से ड्रोन और रोबोटिक्स तथा एआइ रिसर्च के क्षेत्र में नवीनतम और महत्वपूर्ण जानकारियां मिल सकेंगी। उद्घाटन के दौरान एक अत्याधुनिक ड्रोन मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया। विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान ने लैब के उदघाट्न पर हर्ष व्यक्त किया है।

# यूएसबीआरएल परियोजना पर सामाजिक-आर्थिक विकास और चुनौतियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** कश्मीर को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ने का सपना सदियों पुराना है। जम्मू-स्रीनगर रेल लिंक के निर्माण का पहला विचार एक सदी से भी पहले रखा गया था, जब 1 मार्च 1892 को महाराजा प्रताप सिंह ने जम्मू-श्रीनगर रेल लिंक की नींव रखी थी। बाद में 1898 में महाराजा रणबीर सिंह ने भी इस परियोजना को आगे बढ़ाया। पंजाब को श्रीनगर और कश्मीर घाटी से जोड़ने के लिए चार व्यावहारिक मार्गों की पहचान की गयी थीः जम्मू से बनिहाल मार्ग, झेलम घाटी के माध्यम से पूंछ मार्ग, रावलपिंडी से पंजार मार्ग, और हजारा से होकर एबटाबाद मार्ग। कई बार इस पर विस्तृत सर्वेक्षण हुए लेकिन दुर्गम भूगोल, सीमित संसाधनों और कठिन जलवायु के कारण यह विचार सिर्फ नक्शों और रिपोर्ट तक ही सीमित रह गया। 1905 में ब्रिटिशों ने फिर से इस विचार को उठाया और महाराजा प्रताप सिंह ने रियासी के रास्ते मुगल रोड होकर जम्मू से श्रीनगर तक लाइन के लिए सहमति दी, लेकिन यह परियोजना भी अधूरी रह गयी।

स्वतंत्रता के बाद भी यह विचार कई बार सामने आया, लेकिन 1981 में जम्मू-उधमपुर रेल लिंक को स्वीकृति दी गयी।

1994-95 में उधमपुर-श्रीनगर - बारामुला रेल लिंक को अंतिम रूप से स्वीकृति दी गयी और 2002 में इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। जिन लोगों की 75% से अधिक भूमि रेलवे ने अधिग्रहित की, उन्हें सरकारी नौकरी दी गयी। अब तक 804 लाभार्थियों को नियुक्त किया गया है।

निर्माण एजेंसियों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से 14069 लोगों को रोजगार मिला, जिनमें से 65% स्थानीय निवासी थे। इस परियोजना में 525 लाख मानव दिवस का रोजगार सृजित हुआ। इस परियोजना में सुरंग निर्माण, पुल निर्माण, विद्युतीकरण, ट्रैक बिछाने जैसे कार्य अत्याधुनिक तकनीकों से किये गये। इससे स्थानीय कारीगरों को नयी तकनीकों का प्रशिक्षण मिला और अब वे देश के अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में कार्यरत हैं। यह परियोजना अत्यंत दुर्गम क्षेत्रों में शुरू हुई जहां पहले कोई पहुंच नहीं थी।

लगभग 70 गांवों जैसे कि गूनी, पैखड़, बत्तलगला, बक्कल, कौरी, डुग्गा, सूरुकोट, बसिंधधार, संगलदान आदि की सड़क से कनेक्टिविटी सुनिश्चित हुई, जिससे लगभग 1.5 लाख लोगों को लाभ मिला। पहले यह लोग पगडंडियों या नावों के माध्यम से ही आते-जाते थे।

## बाबासाहब की जयंती पर रेलवे ने दिया उपहार, डॉ अंबेडकर नगर से नयी दिल्ली के लिए नयी ट्रेन

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** देश में रेल संपर्क सुविधा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप और भारतीय संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर नयी रेलगाड़ी डॉ अंबेडकर नगर-कोटा-नयी दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन, जो मध्य प्रदेश एवं राजस्थान राज्यों को भारत की राजधानी नयी दिल्ली से सीधे जुड़ने की सौगात मिली। इस अवसर पर अध्यक्ष, लोकसभा ओम बिरला द्वारा डॉ अंबेडकर नगर एवं कोटा रेलवे स्टेशनों पर डॉ अंबेडकर नगर-कोटा-नयी दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान नयी ट्रेन डॉ अंबेडकर नगर-कोटा-नयी दिल्ली एक्सप्रेस को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नयी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ अंबेडकर नगर रेलवे स्टेशन से महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, सांसद उज्जैन अनिल फिरोजिया, सांसद इंदौर शंकर लालवानी एवं राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कोटा रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल से मंडल रेल प्रबंधक एवं डॉ अंबेडकर नगर रेलवे स्टेशन से पश्चिम मध्य रेल के रतलाम मंडल से मंडल रेल प्रबंधक सहित दोनों मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

समारोह में रेल मंत्री ने कहा कि आज रेलवे के लिए बड़ा ऐतिहासिक दिन है, हमारे भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर उनकी जन्मस्थली महू से एक नयी ट्रेन की सौगात मिलने जा रही है। इससे महाकाल की नगरी उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित सिंहस्थ महाकुंभ के श्रद्धालुओं और इसके आस-पड़ोस के इलाकों में रहने वाले यात्रियों के लिए बेहतर यात्रा विकल्प प्राप्त होने की आशा है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### निर्मला कान्वेंट हाइस्कूल में भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



**रांची (आजाद सिपाही)।** एदलहातू मोरहाबादी स्थित निर्मला कान्वेंट हाइस्कूल में संवि धान के रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, प्राचार्य विजय कुमार शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्जित किये। प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की नींव रखी, उनके पास ज्ञान का अकूत भंडार था। इसके बावजूद उन्होंने सभी सुख और वैभव त्याग कर देश के निर्माण में खुद को समर्पित कर दिया। श्री शर्मा ने कहा कि आज बाबा साहब की बदौलत ही संविधान की सहायता से देश विकसित राष्ट्र की तरफ बढ़ रहा है। मौके पर विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा, किरण कुमारी,अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार, सुधा राणा, मोनी बाला शर्मा, सुरेश कुमार, सुधीर कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### बाबा साहब ने नींव को गढ़ने का काम किया था : रोमित नारायण सिंह




**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन रांची मुक्ति फाउंडेशन (नशा मुक्ति केंद्र) एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर में किया गया। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश के भविष्य को गढ़ने और संवारने खासकर वंचितों और पिछड़ों के भविष्य को संवारने का काम बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने किया था। आज डॉ भीमराव अंबेडकर के सपनों को सच करने का काम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को भाजपा युवा मोर्चा रांची महानगर के द्वारा यहां रक्तदान शिविर यहां लगाया गया। इस मौके पर सेवा सदन ब्लड बैंक डॉक्टर शिखा प्रिया, ऐश्वर्या सेठ, अतुल कुमार, एडवोकेट दिलीप भास्कर, अनुज खत्री, कुंदन कुमार, तरुण दास, रोहित सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

### युवा जागृति मंच ने बाबा साहब की जयंती मनायी



**रांची (आजाद सिपाही)।** सोमवार को युवा जागृति मंच कोकर के द्वारा कोकर बाजार जतराटांड़ में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी। इस मौके पर बच्चों के लिए अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी बच्चों को कुछ ना कुछ उपहार स्वरूप भेंट किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से शिव कुमार पासवान, राजेश कुमार पासवान, नंदकिशोर पासवान उर्फ नंदू, सम्राट चटर्जी, सुशील विश्वकर्मा, अमित पासवान उर्फ गुड्डन, रुद्र रंजीत, राजू पासवान, विशाल कुमार राम, संजय कुमार राम, राज कुमार पासवान, सूरज कुमार पासवान का मुख्य योगदान रहा। मुख्य अतिथि के रूप में चंचल चटर्जी पासवान कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष राजू राम, संतोष महतो एवं रामेश्वर मांझी उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनायी गयी बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती




**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के तुपूदाना डुंगरी अंबेडकर चौक में नायक समाज युवा कल्याण समिति झारखंड के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर मुकेश नायक ने लोगों से बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने और शिक्षा पर ध्यान देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में पद्मश्री महावीर नायक, रामकुमार राम, राजू कुमार, सकलू नायक, रौनक कुमार, सतिश तिर्की, सूरज नायक, अजय नायक, विजय नायक, अशोक नायक, देवानंद नायक, राज नायक, दशरथ नायक, मंगल नायक, रमेश नायक, अभी नायक, अभिषेक नायक, कोका नायक,संजय नायक, अजय रजक, सोहन रजक, राजेंद्र राम, जगजीवन राम, सुनील बैठा सहित कई अन्य मौजूद थे।

### अंबेडकर यूथ क्लब ने धूमधाम से मनायी बाबा साहब की जयंती



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनायी गयी। सोमवार को अंबेडकर यूथ क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह 10 बजे कांटा टोली सामुदायिक भवन से बाइक रैली शुरू हुई, जो डंगरा टोली, मेन रोड और सुजाता चौक होते हुए अंबेडकर चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद बाबा साहब की जीवनी पर संगोष्ठी आयोजित की गयी, इसमें विधायक सीपी सिंह बतौर अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों को मिठाइयां और उपहार वितरित किये गये। इस कार्यक्रम में अंबेडकर यूथ क्लब के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और इसे सफल बनाया। अंबेडकर यूथ क्लब ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष अनिल राम, उपाध्यक्ष प्रेम दास, मुन्ना राम और संजय राम शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



## आदिवासी लोहरा समाज केंद्र समिति का पुनर्गठन, ठुमा तिर्की को अध्यक्ष बनाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। आदिवासी लोहरा समाज केंद्र समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें ठुमा तिर्की को अध्यक्ष बनाया गया है। सोमवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर संविधान की संकल्प ली गयी। आदिवासी लोहरा समाज केंद्र समिति की यह पहल समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। समिति के नवनियुक्त पदाधिकारी समाज के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय लोहरा ने दी। बताया कि नवनियुक्त पदाधिकारियों में कार्यकारी अध्यक्ष महादेव लोहरा, महासचिव राजेंद्र कच्छप, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता देवी, महिला प्रकोष्ठ सचिव लक्षण देवी, चांदनी लोहरा, उपाध्यक्ष गणेश लोहरा, दिलीप लकड़ा, चंदन तिर्की, क्लेश लोहरा, राजीव लोहरा, मूचीराम लोहरा, एस सन बोदरा और सचिव राहुल बेसरा को बनाया गया। कोषाध्यक्ष राजेंद्र लोहरा, सारो देवी, विधिक सलाहकार अशोक लोहरा, मोनिका कच्छप, मीडिया प्रभारी संजय लोहरा, केंद्रीय सदस्य रामविलास लोहरा, जगमोहन लोहरा, दिगंबर लोहरा, लाल बाबू लोहरा, कइतका लोहरा, राजेंद्र सोन तिर्की, सोमरा लोहरा, अनूप लोहरा, दिल्ले लोहरा, राजन लोहरा, सूरज लोहरा, कृष्णा लोहरा, सुमन लोहरा, संजू लोहरा को बनाया गया।

## बीसीआइ टाइटेनियम संगठन की स्थापना के तीन महीने पूरे होने का जश्न मनाया



रांची (आजाद सिपाही)। बीसीआइ टाइटेनियम संगठन ने जनवरी माह में अपनी शुरूआत की थी और आज इस प्रेरणादायक सफर को सफलतापूर्वक तीन महीने पूरे हो चुके हैं। इस दौरान संगठन ने न सिर्फ व्यावसायिक नेटवर्किंग को मजबूत किया, बल्कि सदस्यों के बीच आपसी समन्वय, ऊर्जा और उत्साह का भी एक नया अध्याय लिखा। इसी सकारात्मक ऊर्जा और बढ़ते उत्साह के साथ सोमवार को बीसीआइ टाइटेनियम ने अपनी नयी कार्यकारिणी की घोषणा की है। संगठन की अध्यक्षता हिमानी गुप्ता को सौंपी गयी है। इसके अलावा, डॉ शिप्रा साह को उपाध्यक्ष, अनुज अग्रवाल को सचिव और संतोष सोनी को कोषाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गयी है। ये नयी टीम आगामी कार्यकाल में संगठन की बागडोर संभालेगी और टाइटेनियम को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। आशा है कि उनके नेतृत्व में बीसीआई टाइटेनियम और भी अधिक ऊर्जा, उत्साह और प्रेरणा के साथ नये कीर्तिमान स्थापित करेगा।

## अंबेडकर जयंती पर बच्चों को पाठ्य सामग्री दी



रांची (आजाद सिपाही)। भारत रत्न डाक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर डोरंडा में और ठाकुर गांव में बच्चों को पढ़ाई का सामग्री दी गयी। घासी नायक युवा कल्याण समिति के अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक और साथ में विजय नायक, विजय राम, आनंद नायक, संजय नायक, भरत नायक, सूरज नायक और समस्त नायक समाज मौजूद थे।

## डोरंडा को नशा मुक्त करायेगा : डोरंडा नागरिक परिषद



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा नागरिक परिषद के द्वारा सोमवार को डोरंडा के विभिन्न मोहल्लों से सामाजिक धार्मिक और बुद्धिजीवों की एक बैठक डोरंडा शिशु सदन में रखी गयी। इसमें सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष सम्मिलित हुए। बैठक में मुख्य रूप से डोरंडा को नशा मुक्त, अपराध मुक्त, लीज मुक्त और अन्य समस्याओं से मुक्ति के लिए विभिन्न मोहल्ले के लोगों ने अपनी अपनी बातों को रखा। मुख्य रूप से डोरंडा में नशा और अपराध के बढ़ते ग्राफ को कैसे रोका जाये इस पर चिंतन मंथन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से राजू चौरसिया, रोहित शारदा, मोहम्मद राजू, शंभू गुप्ता, जावेद अनवर, नसीम गद्दी, पप्पू, दीपू सिन्हा, सरदार अशोक सिंह, जयदेव घोष, राकेश पाल, पप्पू वर्मा, पियूष विजयवर्गीय, मोहम्मद नइम, मोहम्मद सदीक, मोहम्मद सोनू, कमल किशोर झा, मोहम्मद शमीम सहित विभिन्न मोहल्लों से आये प्रतिनिधियों ने अपनी बातों को रखा।




# सीएसके ने लखनऊ को 5 विकेट से दी मात

## धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाये, जडेजा-पथिराना को 2-2 विकेट

आजाद सिपाही संवाददाता



**लखनऊ।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आइपीएल 2025 के 30वें मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को पांच विकेट से हरा दिया। इस तरह टीम लगातार 5 हार के बाद पहली जीत दर्ज करने में कामयाब रही। आइपीएल 2025 के 30वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया। इसके साथ ही चेन्नई ने आइपीएल के 18वें सीजन में लगातार मिल रही हार का सिलसिला तोड़ दिया। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गये इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने मेजबान लखनऊ सुपर किंग्स को 5 विकेट से शिकस्त दी। इस तरह चेन्नई को लगातार 5 हार के बाद पहली जीत नसीब हुई है। इस सीजन सीएसके के हिस्से में आई ये सिर्फ दूसरी जीत है। टीम को अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 23 मार्च को जीत मिली थी और अब लंबे अंतराल के बाद 14 अप्रैल को टीम ने दूसरी जीत का स्वाद चखा है। आपको जानकर हैरानी होगी कि महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स ने लगभग 2 साल बाद जीत हासिल की है। उरङ ने आखिरी बार आइपीएल 2023 फाइनल में धोनी की कप्तानी में जीत दर्ज की थी। इसके बाद धोनी ने ऋतुराज गायकवाड़ को कप्तानी सौंप दी। मौजूदा सीजन के बीच ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद एक बार फिर धोनी को टीम की कमान मिली और अब थाला ने अपनी कप्तानी में टीम को जीत दिलाते हुए उरङ फैंस को झूमने का बड़ा मौका दे दिया।

**लखनऊ ने खड़ा किया 166 रनों का स्कोर :** इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद कप्तान ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारी के दम पर 7 विकेट खोकर 166 रनों का स्कोर खड़ा किया। पंत ने 49 गेंदों में 63 रनों की पारी खेली। पंत ने शुरूआत में थोड़ी जद्दोजहद के बाद लय पकड़ी और फिर अब्दुल समद (20 रन) के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत लखनऊ ने अपने घर में 166 रनों का सम्मानजक स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से गेंदबाजी में रवींद्र जडेजा और मथीषा पाथिराना ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। वहीं, खलील अहमद और अंशुल कंबोज को 1-1 सफलता मिली। नूर अहमद और जेमी ओवरटन को एक भी विकेट नहीं मिल सका।

**धोनी ने दुबे के साथ मिलकर दिलाई जीत :** लखनऊ के स्कोर का पीछा करने उतरी चेन्नई का आगाज शानदार रहा टीम ने 5 ओवर में ही 50 रन का स्कोर पार कर लिया था लेकिन शेख रशीद का विकेट गंवा दिया। रशीद ने 27 रन बनाये। रचिन रवींद्र 8वें ओवर की आखिरी गेंद पर 37 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद चेन्नई का मिडिल ऑर्डर लड़खड़ा गया। राहुल त्रिपाठी (9) और रवींद्र जडेजा (7) सस्ते में पवेलियन लौट गये। विजय शंकर भी सिर्फ 9 रन बनाकर दिग्वेश राठी का शिकार बने। इसके बाद क्रीज पर आए धोनी ने शिवम दुबे के साथ मोर्चा संभाला और ताबड़तोड़ अंदाज में अर्धशतकीय साझेदारी करते हुए अपनी टीम को आखिरकार जीत दिला दी। धोनी ने 11 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 26 रनों की पारी खेली जबकि शिवम दुबे 43 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# भोलेनाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में लगा कैंप

## हेल्थ कैंप में 108 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कमड़े सुंडील के भोलेनाथ नगर स्थित भोलेनाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में सोमवार को फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन कर 108 मरीजों का मुफ्त इलाज किया गया। इस कैंप में गायनेकोलॉजिस्ट डॉ प्रीति सिंह ने महिलाओं का इलाज और जांच की, जबकि सीनियर कंसल्टेंट और चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉक्टर एमके ने शुगर, अस्थमा, ब्लड प्रेशर, आर्थराइटिस, हृदय रोग, दमा, गठिया समेत अन्य बीमारियों के मरीजों का चेकअप किया। डॉ आरके सिंह ने पारालिसिस के रोगियों और ज्वाइंट पेन के रोगियों का मुफ्त किया। वहीं डॉक्टर आरके रश्मि ने भी मरीजों का इलाज किया। कैंप में ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, बीपी टेस्ट के साथ ही मरीजों को 10 दिन की दवा मुफ्त दी गयी।

**कई सुविधाएं उपलब्ध :** इस मौके पर डॉ एमके सिंह ने कहा कि भोलेनाथ हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में जरूरतमंदों को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया और दवाइयां भी वितरित की गयी। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों पर यहां विशेष ध्यान दिया जाता है। यहां हर तरह की अत्यधिक सुविधाएं अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसमें जांच के अलावा सर्जरी और अन्य सुविधाएं भी शामिल हैं। हेल्थ चेकअप कैंप में अस्पताल के कर्मचारी संतोष, मो सलाउद्दीन, मो आलम, रौनक, मेहताब, तारा, गरिमा, सुमन, शोभा, सुनीता आदि ने सहयोग किया। मरीजों का लैब टेस्ट रोहित, मोहम्मद दिलशाद और सउद आलम ने की। वहीं सुशील, राजेश गुप्ता, प्रदीप पटेल आदि ने कैंप में मरीजों को सहयोग किया।

## फिश फार्मर ट्रेनिंग सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को संट जेवियर्स कॉलेज, रांची के छात्र-छात्राओं ने फिश फार्मर ट्रेनिंग सेंटर (एफएफटीसी), शालीमार, रांची का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह संपूर्ण भ्रमण डॉ भारती सिंह रायपत, विभागाध्यक्ष एवं डॉ रितेश कुमार शुक्ला, प्राणीशास्त्र विभाग के विशेषज्ञ मार्गदर्शन और देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ प्रियंका साहा भी छात्रों के साथ उपस्थित रहीं। डॉ रितेश कुमार शुक्ला ने निदेशालय, मत्स्य पालन विभाग, झारखंड, निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी, प्रमुख प्रशिक्षक एफएफटीसी, डॉ प्रशांत कुमार दीपक, सहायक निदेशक (अनुसंधान) डॉ गीतांजलि शर्मा को एक्सपोजर विजिट आयोजित करने की अनुमति और समर्थन देने के लिए हार्दिक धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मंजू तिर्की ने प्रशिक्षण केंद्र के कोर्स व आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी। निधि पांडेय ने एक्वाकल्चर, प्लवक, ऑक्सीजन तकनीक और तालाब प्रबंधन पर प्रकाश डाला। सुश्री श्रीवास्तवा मिश्रा ने मोती व सजावटी मछली पालन, सरकारी योजनाएं व इंटर्नशिप पर जानकारी दी। जबकि झा सर ने फिश फीड मिल का भ्रमण कराकर मछली आहार निर्माण की व्यावहारिक जानकारी दी। अंत में अनुष्का चौधरी ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## नाबालिग की शादी बीडीओ ने रुकवायी

कुजू (आजाद सिपाही)। करमा दक्षिणी पंचायत में नाबालिग बालक और बालिका की शादी मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी ऋतिक कुमार की पहल से रोक दी गयी। बीडीओ की पहल के बाद कुजू पुलिस ने उनके परिजनों को बुलाकर समझाया। जिसके बाद परिजनों ने उनके बालिग होने पर विवाह करने की बात कही। बताया जाता है कि करमा दक्षिणी पंचायत सचिव नीलकमल द्विवेदी ने मांडू बीडीओ को आवेदन देकर पंचायत में नाबालिग बालक व बालिका की विवाह होने की बात कही थी। मांडू बीडीओ ने हस्तक्षेप करते हुए परिजनों व बालक व बालिका को कुजू ओपी बुलवाया। जहां पुलिस पदाधिकारी व बीडीओ ने परिजनों को बालक के 21 वर्ष और बालिका के 18 वर्ष होने पर ही विवाह करने की बात कही।

# भारतरत्न बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतरत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती झारखंड प्रदेश की राजधानी रांची के हरमू मैदान में मनायी गयी। इस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, के राजू, प्रभारी झारखंड, कांग्रेस, उद्घाटनकर्ता राधाकृष्ण किशोर, वितमंत्री, झारखंड सरकार, मुख्य संरक्षक राजेश कच्छप, विधायक खिजरी विधानसभा क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि सुरेश बैठा, विधायक कांके विधानसभा क्षेत्र, अशोक कुमार भगत, पूर्व राजमंत्री एवं प्रधान महासचिव, झारखंड पार्टी, संजय लाल पासवान, चेयरमैन, हरमू हाउसिंग बोर्ड, रॉची, अजयनाथ शाहदेव, पूर्व उपमेयर, रांची, अजय तिर्की, अध्यक्ष, केंद्रीय सरना समिति, रांची, संरक्षक डॉ सोहन राम, दीपक कुमार रवि, पासवान बृजकिशोर राम, राजेश गुप्ता, गणेश रवि, धनश्याम प्रसाद, लक्ष्मण बौध, इ गुप्तेश्वर राम, राकेश कुमार, डॉ रिझू नायक, संतोष रजक, नीतू देवी, इबरार अहमद एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद थे।

अखिल भारतीय डॉ भीमराव अंबेडकर मिशन सोसाइटी के द्वारा यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कहा गया कि झारखंड राज्य आवास बोर्ड अंतर्गत हरमू हाउसिंग कॉलोनी में बाबा सोब डॉ भीराम अंबेडकर पार्क के लिए एक भू-खंड आवंटित है, जिसमें वर्ष 1999 से बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित थी और उस पार्क में जयंती जैसे समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। इस पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा वर्ष 2013 तक सुरक्षित एवं सही-सलामत थी, लेकिन वर्ष 2014 के आस-पास कुछ असामाजिक, मनुवादी, सामंतवादी लोगों द्वारा बाबासाहब की प्रतिमा को तोड़ दिया गया और प्रतिमा कहां तथा किस हालत में है इसकी कोई जानकारी नहीं है। बाबासाहब के प्रति ऐसा व्यवहार दुखद एवं अपमानजनक है। कार्यक्रम का उद्घाटन राधाकृष्ण किशोर, वित्तमंत्री के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के राजू भी उपस्थित थे। अध्यक्षीय भाषण उमेश कुमार रवि के द्वारा किया गया और धन्यवाद ज्ञापन इ प्रभु शंकर राम, सचिव के द्वारा कर कार्यक्रम का समापन हुआ।

## महत्वपूर्ण खबरें

### वाइबीएन में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी




रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को वाइबीएन के सभागार में स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के तत्वाधान में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर डॉ अजीत कुमार गोंड सहायक प्रवक्ता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज ने कहा कि कैसे समाज में आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक, समानता लाकर डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है। डॉ समीकेश राय डीन स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज वाइबीएन यूनिवर्सिटी ने कहा कि अंबेडकर के समय कैसे समाज में छुआ छूत/असमानता का भावना फैला हुआ था और उन्होंने उसके लिए लड़ा। डॉ अंकिता यादव एमडी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज वाइबीएन यूनिवर्सिटी ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने समाज में जैसे लड़ा उसी तरह सावित्री बाई फुले ने महिला उत्पीड़न से लड़ा और महिलाओं को समाज में साथ आकर आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बीसी प्रोफेसर डॉ सत्यदेव पोद्दार, असिस्टेंट प्रोफेसर सुसोवन अधिकारी, असिस्टेंट प्रोफेसर विक्रम कुमार दुबे, निकिता सहायक प्रवक्ता ने इस कार्यक्रम को सफल बना कर बाबा साहब के मार्गों पर चलकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

### रेल मंत्री ने बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नयी दिल्ली स्थित रेल भवन में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहब अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री वैष्णव ने बौद्ध धर्म गुरुओं से सशक्त भारत के निर्माण के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। बौद्ध धर्म गुरुओं ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को बाबा साहब अंबेडकर की तस्वीर देकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के चेयरमैन व सीइओ सतीश कुमार और रेलवे बोर्ड के दूसरे सदस्यों ने भी संविधान निर्माता भारत रत्न बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किये।

### अर्चित आनंद फिर चुने गये झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के आरके आनंद बॉलिंग ग्रीन स्टेडियम में झारखंड ओलंपिक संघ की वार्षिक आमसभा हुई। इसमें संघ के प्रतिनिधियों द्वारा सत्र 2025-29 के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें अर्चित आनंद को निर्विरोध झारखंड ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष चुना गया। सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को टेबल टेनिस संघ के मुख्य संरक्षक सह अभिभावक एवं तलवारबाजी संघ के महासचिव जय कुमार सिन्हा ने बधाई दी है। बधाई और शुभकामना देनेवालों में संघ के उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह, विजय मेवाड़, राजन कुमार अजय महाजन, सैबल गुप्ता, सह सचिव सुदीप्तो मुखर्जी, उज्जवल चटर्जी, कोषाध्यक्ष नीरज कुमार, करमबीर उरांव, कमलेश दुबे, संदीप साहा, किरण बिहारी शुक्ला, रामाशीष सिंह, प्रेम उदय बेक शामिल हैं। यह जानकारी कन्हैया सिंह ने दी। बताते चलें कि अर्चित आनंद झारखंड तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष एवं भारतीय तलवारबाजी संघ एग्जीक्यूटिव मेंबर भी हैं।

### भारतीय खाद्य निगम ने चावल की बोरियों के भींगने की खबरों पर स्पष्टीकरण दिया




धनबाद (आजाद सिपाही)। भारतीय खाद्य निगम ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धनबाद रेल साइडिंग पर चावल की बोरियों के भीगने की खबरों पर स्पष्टीकरण दिया। निगम ने बताया कि चक्रवात और बारिश के कारण कुछ तिरपाल उड़ गये थे, जिससे लगभग 400-500 चावल की बोरियों का ऊपरी हिस्सा भीग गया था। निगम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित बोरियों को गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारियों की निगरानी में खोलकर सुखाया और सुरक्षित कर लिया। वर्तमान में पूरा स्टॉक उठाया जा चुका है। निगम ने भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए संबंधित कर्मियों और अभिकर्ताओं को सतर्क किया है। भारतीय खाद्य निगम ने दोहराया कि वह गरीबों और जरूरतमंदों तक उच्च गुणवत्ता का खाद्यान्न पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। निगम वितरण प्रक्रिया को पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है।

### जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज बिजुलिया, रांची में उत्साह के साथ डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



रांची (आजाद सिपाही)। जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज बिजुलिया, रांची में सोमवार को उत्साह के साथ डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय बुद्धिस्ट सोसाइटी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संस्थान के प्रबंध निदेशक भंते जैनेंद्र तथागत ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भंते जैनेंद्र तथागत ने छात्रों को बाबा साहब के बताये गये मार्ग पर चलने की अपील करते हुए कहा कि बाबा साहब भारत के लिए वह मसीहा बने जिनके बदौलत देश में समानता आयी। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र भारती, शांति, सोनित, गीता, आयुष, पूजा, लक्ष्मी, राज, सपना, नीता, खुशनुमा, ज्योति, नुमान, आयुष पारामेडिकल कॉलेज के रोहित, श्वेता, कविता, रेशमा, अनूप फार्मसी कॉलेज से धीरज, सानिया, खुशनुमा, प्रिंस, आरती आइटीआइ कॉलेज के घनश्याम, अभिषेक, प्रीति तथा अन्य छात्रों ने भाग ले कर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर निदेशक प्रियांशु कुमार, प्राचार्य ज्योति तिर्की, प्रबंधक हिमांशु सिंह, अकेडमिक हेड आशीष कुमार, हिना परवेज, गुलशन कुमारी, निकिता कुजूर, निधि पाठक, पुजा कुमारी, जमीमा खातून, दीपक रजक, चंदन कुमार, राहुल कुमार, आरपी सिंह, मुनसाद मंझर, कुंदन कुमार, साकिब आलम, जुगनू कुमार, मोकिम अहमद, अभिषेक गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# सुधार की जरूरत

यूपीआइ (Unified Payments Interface) के एक बार फिर डाउन होने से बड़ी संख्या में यूजर्स को परेशानी झेलनी पड़ी। दो हफ्ते में तीसरी बार इस तरह की दिक्कत पेश आना बताता है कि एक अकेली बॉडी नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआइ) के भरोसे रहने के बजाय वैकल्पिक इंतजाम भी किये जाने चाहिए। वैसे, यह भी सच है कि भारत का ऐप्स बेस्ड पेमेंट सिस्टम बाकी दुनिया से कहीं आगे है।

**टेक्निकल एरर :** यूपीआइ के डाउन होने पर एनपीसीआइ की ओर से बताया गया कि तकनीकी समस्या की वजह से ऐसा हुआ। दिन में कई घंटे के लिए ट्रांजेक्शन रुक गये। ऐसा ही कुछ मार्च के आखिरी हफ्ते में भी हुआ था और तब भी यही कारण बताया गया था। रिपोर्ट्स बताती हैं कि अप्रैल में यूपीआइ ट्रांजेक्शंस बहुत बढ़ गये हैं और इसके पीछे है आइपीएल। इस समय बेटिंग और गेमिंग ऐप्स के चलते ऑनलाइन लेनदेन खूब हो रहा है। इस महीने हर दिन औसतन 60 करोड़ ट्रांजेक्शन किया जा रहा है।

**तैयारी क्यों नहीं :** केवल मार्च में ही 18 अरब यूपीआइ ट्रांजेक्शन हुए, जबकि इसके पहले के तीन महीनों में यह आंकड़ा केवल 16 अरब था। जाहिर है कि इंडियन प्रीमियर लीग शुरू होने के साथ ही ट्रांजेक्शन भी बढ़ा। जब दो बार पहले टेक्निकल एरर का सामना किया जा चुका था, तो तीसरी बार के लिए तैयारी क्यों नहीं हुई?

**2023 के आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआइ के जरिये 117.6 अरब लेनदेन किये गये। हर दिन के साथ यह आंकड़ा बढ़ रहा है। इसकी वजह है सहूलियत और देश के दूरदराज के इलाकों तक इंटरनेट की पहुंच।**

**सबसे ज्यादा लेनदेन :** पूरी दुनिया में जितने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन होते हैं, उसके करीब 49% केवल भारत में अंजाम दिये जाते हैं। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, यूपीआइ के जरिये 117.6 अरब लेनदेन किये गये। हर दिन के साथ यह आंकड़ा बढ़ रहा है। इसकी वजह है सहूलियत और देश के दूरदराज के इलाकों तक इंटरनेट की पहुंच। यूपीआइ ने आर्थिक समानता लाने में मदद की है, बैंकों पर से बोझ कम किया है और लेनदेन को चंद सेकंड्स का काम बना दिया है। सबसे बड़ी बात कि इससे लेनदेन पर आम जनता को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ता।

**दूसरे भी मुरीद :** कुछ तकनीकी खामियों के बावजूद यूपीआइ जैसा कोई और सिस्टम दुनिया में मौजूद नहीं, जो इतनी बड़ी आबादी के बीच काम कर सके। यही वजह है कि फ्रांस, सिंगापुर, यूएइ, मॉरिशस समेत सात देश इसका इस्तेमाल करने लगे हैं और भविष्य में कई और मुल्क भी इससे जुड़ेंगे।

**सुधार जरूरी :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एनपीसीआइ पर से बोझ कम करने के लिए एक अम्ब्रेला बॉडी बनाने का सुझाव दिया था, लेकिन इस पर बात आगे नहीं बढ़ सकी। हालांकि अब समय की जरूरत को देखते हुए लगता है कि यूपीआइ को स्मूद और एरर फ्री बनाने के लिए कुछ जरूरी सुधार किए जाने चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ. आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं; वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं।**

# भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी यूनिवर्सिटी का महत्व



**बालासुब्रमण्यम अय्यर**



भारत के पहले राष्ट्रीय सहकारी यूनिवर्सिटी, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के लिए विधेयक का संसद में पारित होना भारतीय सहकारी आंदोलन की यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। इसका 2025 के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान संपन्न होना इसके महत्व को और बढ़ाता है। जैसा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह यूनिवर्सिटी सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को साकार करने में एक शक्तिशाली माध्यम बनने के लिए तैयार है।

भारत दुनिया के सबसे बड़े सहकारी आंदोलन का घर है, जिसमें 800,000 से ज्यादा सहकारी समितियां और 287 मिलियन सदस्य शामिल हैं। रोटी, कपड़ा से लेकर मकान तक की जरूरतों के लिए लोगों के दैनिक जीवन में गहराई से समाहित सहकारी समितियां सिर्फ. आर्थिक संस्थाएं नहीं हैं; वे समुदाय-संचालित विकास, आर्थिक समानता और सामाजिक न्याय की अभिव्यक्ति का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना ने इस क्षेत्र के लिए एक नयी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का संकेत दिया, जिसका उद्देश्य इसकी पहुंच का विस्तार करना, इसकी दक्षता में सुधार करना और इसे समावेशी विकास की आधारशिला के रूप में एकीकृत करना है। सहकारिता मंत्रालय ने सराहनीय कदम उठाए हैं: 67,390 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) को कम्प्यूटरीकृत करने के लिए 2,516 करोड़ आवंटित करना, 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों को करने में पीएसीएस को सक्षम करने के लिए 32 राज्यों में मॉडल उपनियमों को लागू करना, 2 लाख नयी बहुउद्देशीय सहकारी समितियां बनाने का लक्ष्य रखना, 1,100 किसान उत्पादक संगठनों को समर्थन देना और 44,000 पीएसीएस को सामान्य सेवा केंद्रों में बदलना। कर प्रोत्साहन, आसान ऋण और विकेंद्रीकृत भंडारण सुविधा सहकारी समितियों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। बीज, निर्यात और जैविक उत्पादों के लिए तीन नये राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना इस बात का संकेत है कि सहकारी समितियों को भारत के विकास के प्रमुख एजेंट के रूप में स्थापित किया जा रहा है, परंतु, अपने विस्तार और पहुंच के बावजूद, सहकारी क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की अवरचना आंशिक, अविकसित और असमान रूप से वितरित है।

**वैश्विक स्तर पर सहकारी शिक्षा सहकारी आंदोलनों की सफलता का आधार रही है।**

प्रबंधकीय और प्रशासनिक से लेकर तकनीकी और परिचालन तक योग्य पेशेवरों की मांग आपूर्ति से कहीं अधिक है। मौजूदा कर्मचारियों और बोर्ड के सदस्यों की क्षमता निर्माण में निवेश करने की आवश्यकता भी महत्वपूर्ण है। इन कर्मचारियों में से कई के पास नियमित प्रशिक्षण या शिक्षा के अवसरों तक पहुंच नहीं है। मानकीकृत पाठ्यक्रम, गुणवत्ता आश्वासन और संस्थागत सामंजस्य के बिना, यह क्षेत्र अपनी क्षमता का पूरी तरह से लाभ नहीं ले सकता है या अपने विकास को बनाये नहीं रख सकता है। सहकारी आंदोलन में नयी और युवा पीढ़ियों को आकर्षित करने की भी सख्त जरूरत है - ऐसे व्यक्ति जो न केवल पेशेवर हों, बल्कि सहकारी मूल्यों से प्रेरित हों और क्षेत्र में नवाचार करने के लिए आतुर हों।

यहां, त्रिभुवन सहकारी युनिवर्सिटी एक परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकता है: शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए एक केंद्र के रूप में सेवा करके जो नयी पीढ़ी के सहकारी नेताओं को बढ़ावा देते हुए सभी स्तरों पर उनकी क्षमता का निर्माण कर सकेगा।

अमूल मॉडल के वास्तुकार, दूरदर्शी त्रिभुवनदास पटेल के नाम पर, और भारत की डेयरी सहकारी क्रांति के उद्गम स्थल आनंद में स्थित यह यूनिवर्सिटी एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि है। साथ ही यह एक रणनीतिक हस्तक्षेप भी है। ग्रामीण प्रबंधन संस्थान आनंद (आइआरएमए) का चयन - एक ऐसा संस्थान, जिसने दशकों से सहकारी प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी भूमिका निभायी है - इस यूनिवर्सिटी की नींव के रूप में व्यावहारिक और प्रेरणादायक दोनों है।

आनंद में आइआरएमए को सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के रूप में नामित किये जाने के साथ, यह यूनिवर्सिटी सहकारी उद्यमों की चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए सुसज्जित पेशेवरों को तैयार करने की एक मजबूत विरासत का निर्माण करेगा।

यूनिवर्सिटी का विजन सिर्फ. औपचारिक प्रबंधन डिग्री तक सीमित न होकर काफी विस्तृत है। यह प्राथमिक और माध्यमिक सहकारी समितियों के बोर्ड सदस्यों, सहकारी क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मचारियों, और नैतिक, सस्टेनेबल और समावेशी व्यवसाय मॉडल में रुचि रखने वाले युवाओं की नयी पीढ़ी तक अपनी पहुंच बढ़ायेगा। इसके लिए, यूनिवर्सिटी लचीले शिक्षण मॉड्यूल, प्रमाणन कार्यक्रम, डिग्री कार्यक्रम, डिजिटल पहुंच प्रदान करेगा और क्षेत्र-आधारित ऐसे शोध का जरिया बनेगा, जिनसे स्व-सहायता, लोकतांत्रिक नियंत्रण और पारस्परिक जिम्मेदारी के सहकारी मूल्यों का लाभ सभी को मिल सकेगा। त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी एक राष्ट्रीय ज्ञान मंच के रूप में भी काम कर सकता है, हितधारकों के बीच संवाद को सुविधाजनक बना सकता है, साक्ष्य-आधारित नीतिगत अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकता है और ग्रामीण वास्तविकताओं के अनुरूप नवाचारों का समर्थन कर सकता है। डेयरी, ऋण, आवास, मत्स्य पालन, कपड़ा आदि जैसे भारत के विविध सहकारी परिदृश्य में, विश्वविद्यालय एक ऐसे केंद्र के रूप में विकसित होगा, जहां, शिक्षा, नीति निमार्ता और सहकारिता से जुड़े विशेषज्ञ उन्नयन के नये पथ ईजाद कर सकेंगे।

वैश्विक स्तर पर सहकारी शिक्षा सहकारी आंदोलनों की सफलता का आधार रही है। 1844 में रोशडेल पायनियर्स के समय से ही, आचरण के मूल नियमों में मुनाफे का एक हिस्सा शिक्षा के लिए आवंटित करना शामिल था। पांचवां सहकारी सिद्धांत - शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचना - आंदोलन का एक मुख्य स्तंभ बना हुआ है, जो यह सुनिश्चित करता है कि सदस्य, नेता और समुदाय सहकारी मॉडल को समझें और उसका पालन करें। यह गहरी जड़ें जमाये बैठी शैक्षिक परंपरा ही है, जो सहकारी शासन को बनाये रखती है, नवाचार को बढ़ावा देती है और जवाबदेही को मजबूत करती है।

इस संदर्भ में त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान से कहीं अधिक होगा - यह सहकारी विकास के लिए एक राष्ट्रीय और वैश्विक ज्ञान केंद्र बन सकता है, एक ऐसा स्थान, जहां प्रयोग और नीति का संगम हो और जहां नेतृत्व सीख से प्रेरित हो। नयी दिल्ली में आयोजित आइसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन 2024 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत से सहकारी समितियों को एकजुट करने, साझा मंच बनाने, आम चुनौतियों से निपटने और सामूहिक रूप से आगे का रास्ता तय करने में वैश्विक दक्षिण का नेतृत्व करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय यूनिवर्सिटी ऐसा ही एक मंच प्रदान करता है - जो संवाद को बढ़ावा देने, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और सहकारी समितियों के बीच दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूत करने में सक्षम है। एक ऐसी दुनिया में जहां समावेशी, लोकतांत्रिक और सतत विकास सुनिश्चित करते आर्थिक मॉडल की मांग बढ़ रही है, भारत का सहकारी आंदोलन और अब इसका पहला सहकारी यूनिवर्सिटी न केवल प्रेरणा बल्कि दिशा भी प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय को सुलभ, नवोन्मेषी और प्रभावोत्पादक होना चाहिए, जो आंदोलन के हर स्तर पर नेतृत्व को बढ़ावा दे। नींव रखी जा चुकी है; अब समय आ गया है कि एक ऐसा संस्थान बनाया जाए जो उस दृष्टिकोण के योग्य हो जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है - एक ऐसा संस्थान जो आने वाली पीढ़ियों को सहकारिता की अविनाशी शक्ति के माध्यम से शिक्षित, सशक्त और ऊर्जावान बनायेगा - और यह सुनिश्चित करेगा कि सहकारी समितियां सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करें।

**(लेखक : इंटरनेशनल कोऑपरेटिव एलायंस एशिया एंड पैसिफिक के क्षेत्रीय निदेशक हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### सुर ओ साहित्य वेलफेयर ट्रस्ट ने अंबेडकर जयंती और बंगाली नववर्ष हर्षोल्लास के साथ मनाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सुर ओ साहित्य वेलफेयर ट्रस्ट के द्वारा कदमा सोनारी लिंक रोड में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती और बंगाली नववर्ष (साल 1432) का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता नट्टू झा, विशिष्ट आतिथि ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन चक्रवर्ती, ट्रस्ट की संस्थापक दोला बाजपेई सहित अन्य आथिति शामिल हुए। अतिथियों के द्वारा बाबा साहब को पुष्प भेंट कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बंगाली नववर्ष (साल 1432) का शुभारंभ प्रभातफेरी, शंखध्वनिफ और मंत्रोच्चार के साथ किया गया। उपस्थित सदस्यों ने पारंपरिक गीतों के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया। मौके पर उपस्तित अतिथियों ने अपने विचार साझा की। साथ ही ट्रस्ट के द्वारा की गयी कार्यक्रम का सभी ने सराहना की। ट्रस्ट की संस्थापक दोला बाजपेई के नेतृत्व में प्रार्थना गीत प्रस्तुत की गयी। उपस्थित लोगो ने खूब सराहा। संस्थापक दोला बाजपेई ने कहा कि सुर ओ साहित्य वेलफेयर ट्रस्ट वर्षो से समाज मे शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और जरूरतमंदों की सहायता हेतु समर्पित है। भविष्य में भी इस तरह का आयोजन करती रहेगी। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने संगीत, नृत्य, कविता पाठ व वक्तव्य, हारमोनियम, तबला और कासियो की संगत में सुंदर प्रस्तुति दी।कार्यक्रम के व्यवस्थापन में ट्रस्ट के सभी सदस्य सक्रिय रहे। धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष रतन चक्रवर्ती के द्वारा किया गया।

# टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी ने 'राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह' का किया शुभारंभ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के द्वारा राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस के अवसर पर (14 से 20 अप्रैल तक) एक सप्ताह 'राष्ट्रीय अग्नि सेवा सप्ताह' का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाली कार्यक्रम के दौरान कंपनी के विभिन्न स्थानों पर कर्मचारियों, वेंडर पार्टनर्स, ठेकेदारों, स्कूल छात्रों और आम जनता के बीच अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलायी जायेगी।

सोमवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य आथिति टाटा स्टील कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी उपस्थित हुए। इस अवसर पर अपने कर्तव्य का पालन करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले वीर अग्निशामकों को याद करते हुए टाटा स्टील कॉर्पोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, जनरल मैनेजर मेडिकल सर्विसेज डॉ विनिता सिंह, चीफ सिक्योरिटी एंड ब्रांड प्रोटेक्शन अरविंद कुमार सिन्हा और यूनियन कमिटी सदस्य फायर ब्रिगेड शहनवाज खान ने श्रद्धांजलि अर्पित कर विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। मौके पर वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने अग्निशमन वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अग्निशमन कर्मियों की वीरता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा वे समुदाय को जीवन संकट से बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। श्री चौधरी ने टाटा स्टील जमशेदपुर के फायर एंड रेस्क्यू सर्विसेज में उपलब्ध आधुनिक अग्निशमन संसाधनों की सराहना की।साथ ही आग की रोकथाम के प्रति सजगता बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने नियमित फायर ऑडिट की आवश्यकता जतायी और अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान तय कार्यक्रमों को गंभीरता से क्रियान्वित करने का आग्रह किया। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों में जागरूकता फैलायी जा सके। गौरतलब है 14 अप्रैल को हर वर्ष भारत में राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस मनाया जाता है। 1944 में इसी दिन मुंबई पोर्ट पर एसएस फोर्ट स्टिकीन नामक जहाज में विस्फोट के कारण भीषण आग लगी थी। जिसमें कई अग्निशमन कर्मियों ने अपनी जान गवां दी थी। उस दिन को उनके बलिदान के रूप में याद करते हुए मनाया जाता है।

### बाबा साहब ने दिया समानता का अधिकार : आनंद बिहारी



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** वर्मामाइंस ट्यूब कंपनी गेट के समक्ष पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सोमवार को श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे शामिल हुए। मौके पर उन्होंने डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभा का उद्घाटन किया। सभा की अध्यक्षता टेल्को प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार व स्वागत गोलमुरी प्रखंड अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने की। श्री दुबे ने बाबा साहेब के जीवन और संविधान निर्माण में योगदान को याद करते हुए उन्हें समानता, न्याय और शिक्षा का प्रतीक बताया। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा डॉ अंबेडकर को समर्पित 5 मांगों को दोहराया। जिसमे जातिगत जनगणना की आवश्यकता, एसटी एससी सब-प्लान की पुनर्बहाली, राज्यों के आरक्षण को शेड्यूल 9 में शामिल करना, निजी संस्थानों में आरक्षण को कानूनी अधिकार देना, महिला आरक्षण में एसटी एससी ओबीसी को भागीदारी देना शामिल है। इस अवसर पर रामलाल प्रसाद पासवान, राजकिशोर यादव, इंदुभुषण यादव, हरि मुखी, जसवंत सिंह जस्सी, नागेंद्र कुमार, सतीश कुमार, शिबु चरण करुवा, मनोज उपाध्याय, हरिहर प्रसाद, मनोज करुवा, मुन्ना मिश्र, अशोक शर्मा, धीरज कुमार, त्रिनाथ, सरोज सिंह, सुशील घोष, एस पी सिंह, पीसी स्वामी, आशीष मुखी, सुरेश मुखी, इन्द्रजीत सिंह, रवि रंजन दयाल, बिजन शर्मा, प्रमाणिक, दिलीप गोस्वामी, सुरेन्द्र कुमार, अंकुश बनर्जी, सुनील कुमार, रंजीत राउत सहित सैकड़ो बस्तीवासी शामिल रहे।

### समानता, न्याय और शिक्षा के प्रतीक हैं बाबा साहब : अमरप्रीत सिंह काले



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। सोमवार को एग्रिको स्थित टाटा स्टील क्लब हाउस में अभ्युदय, सेवा भारती, क्रीड़ा भारती एवं पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने विशेष सहभागिता की। वही भालूबासा मुखी समाज के कार्यक्रम में बाबा साहब के संघर्ष, विचारों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। श्री काले ने कहा बाबा साहेब का जीवन सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा का प्रतीक है। उनके विचार सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजन को जनसेवा से जुड़ी प्रेरणादायक पहल बताया।

## राजकीय चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव 2025 का समापन

# कलाकारों के साथ पत्रकार हुए सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध तीन दिवसीय राजकीय चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव 2025 का भव्य समापन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ। जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों और कलाकारों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।मौके पर छऊ कलाकेंद्र सरायकेला के कलाकारों ने यात्राघट की सशक्त प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी मुकेश कुमार लुनायत, उपविकास आयुक्त आशीष अग्रवाल सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। देर रात तक चले सांस्कृतिक आयोजन में छऊ नृत्य की विभिन्न शैलियों के कलाकारों ने मंच पर अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। डीसी रविशंकर शुक्ला ने महोत्सव के सफल संचालन में प्रशासनिक अधिकारियों, आर्टिस्ट एसोशिएशन और राजकीय छऊ कला केंद्र के गुरुओं व कलाकारों की योगदान का सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। डीसी ने सरायकेला की कला को वैश्विक पहचान मिलने पर प्रसन्नता जतायी और इसे संरक्षित व सहेजने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छऊ कलाकारों की विभिन्न श्रेणियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। छऊ गुरुओं एवं पद्मश्री सम्मानित कलाकारों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीसी व एसपी ने लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में उत्कृष्ट और निर्विवाद मीडिया कवरेज हेतु आजाद सिपाही के पत्रकार सुमित सिंह सहित जिले के लगभग 40 मीडिया प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### अंबेडकर जयंती पर पूर्व सीएम ने 500 महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा आयोजित बाबा साहब अंबेडकर की जयंती समारोह में पूर्व सीएम सह स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन शामिल हुए।सोमवार को पूर्व सीएम ने आरआईटी के अंबेडकर चौक पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके विचारों को नमन किया। इस अवसर पर 500 से अधिक जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण भी किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्री सोरेन ने कांग्रेस शासित राज्यों में बिगड़ती कानून व्यवस्था और तेजी से बढ़ते धर्म परिवर्तन व घुसपैठ पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कांग्रेस पर आदिवासी और दलित समाज के साथ अन्याय का भी आरोप लगाया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## मेराल में धूमधाम से मनायी गयी अंबेडकर जयंती



मेराल (आजाद सिपाही)। संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम से मनायी गयी। दर्जनों जगह कार्यक्रम का आयोजन कर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर लोगों ने उन्हें नमन किया, साथ ही भारतीय संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित अंबेडकर चौक पर बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई गढ़वा द्वारा आयोजित जयंती समारोह का शुभारंभ बाबा साहब की स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बसपा के केंद्रीय राज्य प्रभारी डॉ लाल ने कहा कि बाबा साहब के मिशन को बीएसपी प्रमुख बहन मायावती ही पूरा कर सकती है। आज डॉ अंबेडकर के नाम पर राजनीति करने वाले लोग केवल उनके अनुयायियों का वोट हासिल करना चाहते हैं, जिन्हें उनके मिशन से कोई लेना देना नहीं है। एक तरफ भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सरकार भारतीय संविधान को बदलना चाहती है, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन संविधान की रक्षा के नाम पर देश की जनता को गुमराह कर सत्ता प्राप्त करना चाहती है।

### आरके पब्लिक स्कूल का 31वां वार्षिकोत्सव संपन्न

# परिश्रम, समर्पण और इच्छाशक्ति से जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है: डीसी

**बच्चों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और मार्गदर्शन देना हर अभिभावक का कर्तव्य: एसडीएम**

**छात्रों का भविष्य सवारना विद्यालय का मुख्य लक्ष्य: अलखनाथ पांडेय**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा का 31वां वार्षिकोत्सव रविवार देर शाम धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे कार्यक्रम में शिक्षा, संस्कृति, और नैतिक मूल्यों की झलक दिखायी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही व्यक्ति के जीवन को दिशा देते हैं। समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। आरके पब्लिक स्कूल इस दिशा में प्रेरणादायक कार्य कर रहा है। उन्होंने अपने प्रेरणादायक जीवन अनुभवों को साझा करते हुए बच्चों को कठिन परिश्रम, समर्पण और इच्छाशक्ति से जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। अंत में उन्होंने बैसाखी और अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की।

विशिष्ट अतिथि एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक मार्गदर्शन देना हर अभिभावक का कर्तव्य है। जब नींव मजबूत होगी, तभी वे भविष्य में सफल होंगे। उन्होंने स्कूल के निदेशक शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जिले में शिक्षा का दीप जलाकर अपने नाम को साकार किया है। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, गणेश स्तुति, स्वागत गान, पर्व-त्योहारों पर आधारित नृत्य, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर नाट्य प्रस्तुति, मोबाइल के दुष्प्रभाव पर जागरूकता कार्यक्रम, फोल्क डांस, पिरामिड शो, और गायन जैसे मनमोहक कार्यक्रमों से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। इन प्रस्तुतियों ने सामाजिक संदेश भी दिया।

समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सेवा दे रहे स्कूल के पूर्व छात्रों व उनके अभिभावकों, साथ ही भूतपूर्व प्राचार्य एसएलके दास और कैप्टन शालिग्राम पांडेय को सम्मानित किया गया। अक्षरा सिकरवार को बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर, और तमीम आलम को बेस्ट अटेंडेंस का पुरस्कार प्रदान किया गया।

स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने पुष्पगुच्छ व शॉल भेंट कर सभी अतिथियों का स्वागत किया और मां सरस्वती व बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। अपने अभीभाषण में उन्होंने कहा कि स्थापना के समय से ही अनुशासन, गुणवत्ता और संस्कारयुक्त शिक्षा हमारी प्राथमिकता रही है। आज स्कूल के छात्र-छात्राएं देश-विदेश में विभिन्न प्रतिष्ठित क्षेत्रों जैसे कि आईपीएस, आईएएस, मेडिकल, इंजीनियरिंग, सेना और शिक्षा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

कार्यक्रम की सफलता में शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय, देवेंद्र सिंह, राजेश कुमार, विकास तिवारी, शहेला खान, अनिता सिन्हा, गीता पांडेय, रंजीत कुमार, इंतियाज खान सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मेहनत और लगन से कार्यक्रम को उत्कृष्ट बनाया। इस अवसर पर बीजेपी जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, मुकेश निरंजन सिन्हा, डॉ. आलोक तिवारी, मदन प्रसाद केशरी, अवधेश कुशवाहा, प्रमोद चौबे, पीके झा, सुशील केशरी, महावीर प्रसाद, राजू सिंह, मनोज केशरी, नंदकुमार गुप्ता सहित अनेक सम्मानित अतिथि और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

## सोन नदी में डूबने से 12 वर्षीय लड़की की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** थाना क्षेत्र के परती कुशवानी पंचायत के दीपक बैठा उर्फ पिंटू बैठा के 12 वर्षीय लड़की दिव्या कुमारी सोन नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से घटास्थल पर ही मौत हो गयी। मौत की घटना से माहौल गमगीन हो गया। इसकी सूचना आसपास की गांव में तेजी से फैल गया। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव सोन को नदी से निकाला। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है।

## डीसी और एसडीएम ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोमवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर और एसडीएम संजय कुमार ने गढ़वा शहर के अंबेडकर चौक स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर का जीवन आज के युवाओं के लिए एक अद्वितीय प्रेरणा है, उनके व्यक्तित्व से हमें यह सीखने को मिलता है कि शिक्षा ही वह शक्ति है जो किसी भी प्रकार की असमानता को समाप्त कर एक समतामूलक समाज की स्थापना कर सकती है। उन्होंने जिले के नागरिकों से डॉ अंबेडकर के बताये गये आदर्शों पर चलने की अपील की। इस दौरान कई कर्मचारी और स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

## रेडक्रॉस सोसाइटी रक्तदान शिविर कल



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉक्टर एमपी गुप्ता, वाइस चेयरमैन विनोद कमलापुरी, सचिव डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह एवं एग्जीक्यूटिव सदस्य मनोज केसरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके लोगों से आह्वान किया है की रेडक्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला के द्वारा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर टाउन हॉल गढ़वा में 16 अप्रैल दिन बुधवार को 10.30 बजे दिन में होने वाला है। रक्तदान शिविर का उद्घाटन रेडक्रॉस के पदेन जिला अध्यक्ष उपायुक्त शेखर जमुआर करेंगे। रेडक्रॉस के सभी सदस्य, पदाधिकारी, पेट्रोन मेम्बर, अजीवन मेंबर एवं गढ़वा के सभी स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह है कि रक्तदान शिविर में अपना सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## अंबेडकर जयंती पर कांग्रेसियों ने बाबा साहेब को याद किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शहर के सहिजना चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी की ओर से एक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूरे राज्य में बाबा साहेब की जयंती मनाई जा रही है। डॉ. अंबेडकर ने हमें एक मजबूत, समावेशी और लोकतांत्रिक संविधान दिया, जो आज भी देश की आधारशिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान को कमजोर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी और देश की जनता ऐसी मंशा को कभी सफल नहीं होने देगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र तिवारी, अलख निरंजन चैबे, उदय नारायण तिवारी, रामवृक्ष यादव, श्रीकांत तिवारी, योगेंद्र तिवारी सहित कई अन्य नेता मौजूद रहे।

## वर्ष 2025 कांग्रेस के संगठन सृजन का साल है: सत्यनारायण




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सोमवार को सभी प्रखंड अध्यक्ष और नवनियुक्त प्रवेक्षकों की गढ़वा के सर्किट हाउस में गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी के नेतृत्व में बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रवेक्षक सत्यनारायण सिंह उपस्थित थे। जिला प्रवेक्षक सत्यनारायण सिंह ने सभी प्रखण्ड अध्यक्ष एवं नवनियुक्त प्रवेक्षकों को संगठन मजबूत करने के लिए 100 दिन का टास्क दिया। उन्होंने ने कहा वर्ष 2025 कांग्रेस के संगठन सृजन का साल है। हर बूथ, हर पंचायत सभी प्रखंड में प्रवेक्षक जायेंगे और प्रखंड अध्यक्ष के साथ समन्वय बना कर संगठन को मजबूत करेंगे। वहीं जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने जिला प्रवेक्षक को भरोसा दिलाया कि 2025 का साल संगठन को मजबूत करने के लिए जी जान लगा कर बूथ से लेकर जिला तक संगठन को मजबूत करेंगे ताकि आने वाले समय में कांग्रेस पूरे मजबूती के साथ किसी भी युद्ध जीत सके। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेंद्र नाथ तिवारी, प्रदेश सचिव श्रीकांत तिवारी, वरिष्ठ नेता उदय नारायण तिवारी, अलख निरंजन चौबे, राम वृक्ष यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोसाहिद हुसैन, गढ़वा प्रखण्ड अध्यक्ष उगेंद्र नाथ चौबे, मझिआंव प्रखण्ड अध्यक्ष आनंद यादव, भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष नंद लाल पाठक, नगर प्रखंड अध्यक्ष संतोष गुप्ता, डंडई प्रखंड अध्यक्ष निजाम अंसारी, सगमा प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष आलोक यादव, डंडा प्रखंड अध्यक्ष जवाहर चौधरी, चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अमानुल्लाह अंसारी, रंका प्रखंड अध्यक्ष बजेंद्र चौधरी और सभी कांग्रेसी नेतागण उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय श्री सूर्य सहस्त्रार्चन महायज्ञ और श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ संपन्न



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर में चल रहे तीन दिवसीय श्री सूर्य सहस्त्रार्चन महायज्ञ और श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिन भक्तजन सुबह से ही श्री सूर्य नारायण मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना व परिक्रमा किये। सोमवार को यज्ञाचार्य सौरभ भारद्वाज एवं आए हुए विद्वान पंडित धीजार्नंद शास्त्री,पंडित विनय चतुर्वेदी, राजन तिवारी, शुभम तिवारी के द्वारा पूजा अर्चना रुद्राभिषेक हुआ हवन किया गया। तत्पश्चात मुखिया मूंगा साह के सौजन्य से महा प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर के अनुशासन समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी ब्रजेंद्र कुमार सिंह,रामेश्वर प्रसाद सिंह, अशर्फी मेहता, मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह, सचिव रविकांत चंद्रवंशी, यज्ञ समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, अजय सिंह, मंजेश गुप्ता, दिनेश वर्मा, चंदन कमलापुरी, दिपियंकर वर्मा, सुधीर प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## फ्यूज बांधने पोल पर चढ़ा युवक करेंट की चपेट में आकर घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चेपली टोला में बीती रात्रि बिजली का फ्यूज लगाने के क्रम में सरईया गांव निवासी अमित साह पिता जगरनाथ साह ग्यारह हजार वोल्ट बिजली करंट के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में परिजनों के द्वारा उसे भवनाथपुर सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक डॉ इंद्रकिशोर विश्वकर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर किया गया। घटना के बारे में बताया जाता है, कि रविवार के शाम चेपली टोला में बिजली कटी हुई थी, और खराब फ्यूज को ठीक करने गांव का ही अमित साह पोल पर चढ़कर फ्यूज लगा रहा था, इसी दौरान करेंट प्रवाहित हो गई और बिजली तार से करंट लगने से पोल से नीचे गिर गया।

## शरिया कानून से नहीं अंबेडकर के संविधान से चलेगा देश : उमेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में सहिजना मोड़ पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता,अरविंद तूफानी, युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विनय चौबे उपस्थित थे।

मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि अंबेडकर के संविधान से भारत चलेगा, सरिया कानून से नहीं। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान के तहत वक़्फ बोर्ड में संशोधन करने का कार्य किया है। संशोधन से बहुत गरीब मुस्लिम परिवार को राहत मिलेगा। अध्यक्ष ठाकुर महतो ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहब को सबसे ज्यादा सम्मान दिया। कांग्रेस ने बाबा साहब का हमेशा विरोध किया, उनके संविधान को कभी नहीं माना। कार्यक्रम में उपस्थित किसान मोर्चा अध्यक्ष उदय कुशवाहा युवा मोर्चा अध्यक्ष मुना तिवारी ओबीसी जिला महामंत्री रविंदर जायसवाल डॉ पतंजलि केसरी धनंजय गोंड रविंद्र पासवान, राकेश शंकर गुप्ता, संतोष कश्यप, सुरेंद्र राम, मनोज महतो, सुरेश अग्रवाल, विशाल गुप्ता, राम जी पासवान, कंचन पांडे समेत अन्य भाजपा नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेंशनर ने बाबा साहेब की जयंती पर नमन किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर केके यादव, अध्यक्ष की अध्यक्षता में उपस्थित पेंशनरों के बीच बाबा साहेब के तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्री यादव ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, जिन्हें बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है, जिनका जन्मदिन 14 अप्रैल को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। हम सभी पेंशनरों की ओर से इनके जयंती पर कोटि-कोटि नमन करते हैं। सभी जिले वासियों को अंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। इस मौके पर श्याम बिहारी राम संयुक्त सचिव, श्रवण कुमार संगठन मंत्री, सुदामा राम वैद्यनाथ सिंह और राजकुमार आदि के द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पिपरी कला पंचायत भवन के पास डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान की अध्यक्षता में माल्यार्पण किया गया। भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर उन्हें शत शत नमन करते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अवध बिहारी गुप्ता, कृष्णा विश्वकर्मा, मंडल मंत्री दिनेश चंद्रवंशी, शैलेंद्र प्रताप देव, भाजपा पंचायत संयोजक अजय पाल,भाजयुमो जिला सोशल मिडिया प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रामलखन मेहता सहित कयी लोग उपस्थित थे।

## नगीना शाही महिला महाविद्यालय में भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को हथियार बनाकर आगे बढ़ने की बात कही है उक्त बातें पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने अंबेडकर जयंती के अवसर पर नगीना शाही महिला महाविद्यालय में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा। श्री शाही ने कहा कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर सामाजिक समानता के पक्षधर थे। वे लोगों को सहजता से न्याय दिलाने के पक्षधर थे। मौके पर शारदा महेश प्रताप देव, लक्ष्मण राम, हीराराम तूफ़ानी, रविंद्र पासवान, बीएस एम कॉलेज के प्राचार्य आरपी शुक्ला, लवली आनंद, कमलेश कुमार, महमूद आलम, भारदुल कुमार, सबिता देवी, मीरा देवी, दिलीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बाबू दिनेश सिंह विवि में बाबा साहेब को याद किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के प्रांगण में संविधान के रचियता बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह व कुलपति डॉ प्रो एमके सिंह द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को स्मरण किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित महाविद्यालयों के प्राचार्य, विश्वविद्यालय के सुभाष कुमार, प्रवीन कुमार सिंह, सुबोध कुमार शर्मा, चंदन कुमार, राकेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार दुबे इत्यादि अन्य पदाधिकारी उपस्थित होकर बाबा साहेब की प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर उन्हें किया गया।

## बाबासाहेब अंबेडकर सामाजिक न्याय और समता के प्रतीक थे : भानु प्रताप शाही



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। टाउनशिप के अंबेडकर पार्क में अंबेडकर जी के 134वें जन्मदिन के अवसर पर पूर्व विधायक सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही अपने समर्थकों के साथ स्थल पर पहुंचकर अंबेडकर के योगदानों का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर भानु प्रताप शाही ने बताया कि डॉ बाबासाहेब अंबेडकर न केवल समाज सुधारक थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय और समता के प्रतीक भी हैं। उन्होंने कहा कि अंबेडकर जी का जन्मदिन हमें यह याद दिलाता है, कि समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए लगातार प्रयास करना आवश्यक है। शाही ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि आज के इस आयोजन के माध्यम से हम उनके आदर्शों और सिद्धांतों को पुनः जीवित कर रहे हैं। समारोह में उपस्थित लोगों ने भी अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस रस्म का आयोजन बड़े सम्मान और श्रद्धा के साथ किया गया, जिससे इस महान व्यक्ति के प्रति लोगों की लगन स्पष्ट हुई।

## केतार में भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनायी गयी



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के कई कार्यालय एवं सार्वजनिक स्थान पर बाबा भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनायी गयी। इस दौरान गुलाब इंटरनेशनल स्कूल बलीगढ़ के निर्देशक शैलेंद्र सिंह उर्फ छोटन सिंह, शिक्षक छात्र-छात्राएं और आए हुए अतिथियों के द्वारा बाबा साहब की फोटो पर पुष्प अर्पित कर केक काटा। वहीं केतार सब्जी बाजार में बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। बाजार स्थित बाबा अंबेडकर की प्रतिमा पर अंबेडकर युवा क्लब के जय जय भीम के नारे से वातावरण गूंजा। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजसेवी शिवकुमार सिंह ने बताया कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नहीं विचार थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने एक नारा दिया था 'शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा वह दहाड़ेगा।' इस मौके पर उपस्थित श्याम नारायण राम, शिव कुमार पाल, संजय सिंह खरवार, सुरेश राम,क्लब अध्यक्ष संतोष कुमार, सचिव अजीत कुमार रवि, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार रवि, उपाध्यक्ष उत्तम कुमार, उपकोषाध्यक्ष राजन, उप सचिव दीपांशु, संगठन मंत्री संदेश कुमार रवि, अजीत, श्याम बिहारी राम सहित अन्य लोग उपस्थित हुए।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



## दक्षता परीक्षा का उद्देश्य कमजोर छात्रों को चिह्नित कर उन्हें निःशुल्क पढ़ाना: बिरेंद्र नाग



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा रोड, खूंटी टोली स्थित जेआइआइटी एकेडमी कंप्यूटर सेंटर में सोमवार को छह माह का डिप्लोमा कंप्यूटर कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए दक्षता परीक्षा आयोजित की गयी। इसमें 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेंटर संचालक बिरेंद्र नाग ने परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा लेने का उद्देश्य है जो विद्यार्थी कमजोर हैं, उनको चिह्नित करके फिर से निःशुल्क कंप्यूटर पढ़ाया जायेगा। बताया गया कि न्यूनतम शुल्क में एआइ तकनीक से डिप्लोमा कोर्स कराया जायेगा। इसके अलावा यहां एक वर्ष का एडवांस डिप्लोमा कोर्स, डीटीपी, प्रोग्रामिंग, कार्यालय कार्य से संबंधित, इंटरनेट, कार्यालय सहायक कोर्स, हिंदी/अंग्रेजी टाईपिंग, फोटोशोप, टैली आदि का प्रशिक्षण दिया जाता है। अनाथ, असहाय, आर्थिक रूप से कमजोर और विकलांग विद्यार्थियों को मुफ्त पढ़ाया जायेगा। मौके पर शिक्षिका मोनी रानी, रोजलिन करकेट्टा, अभिनव कुमार, गणेश स्वांसी, पूर्वी रानी आदि उपस्थित थे।

## चड़क पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में धुमधाम से चड़क पूजा का आयोजन किया गया। चड़क पूजा के उपलक्ष्य में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लावा, पुड़ीहिंसा में चड़क पूजा में झूमर और छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। वहीं पुड़ीहिंसा शिव मंदिर में दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। चड़क पूजा में बकरा का बली दी गयी। बंगाल के पुरुलिया कोटशीला के साइमनी महतो एवं दल द्वारा पाता झुमर नृत्य प्रस्तुत किया गया। फूल चांद महतो ने बताया कि प्रति वर्ष पुड़ीहिंसा बूढ़ा बाबा शिव मंदिर में सैकड़ों लोग दूर दराज से पूजा अर्चना करने आते हैं। उन्होंने कहा कि यहां लोग मन्नतें मांगते हैं और पूरा होने पर चड़क पूजा के दिन बकरा का बली देकर मन्नतें पूरी करते हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सैकड़ों लोग मन्नत पुरा होने पर बली प्रदान करने आते हैं। उन्होंने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ मन्नतें मांगने वाले का मनोकामना पूरी होती है। पुजारी कठिन चंद्र महतो ने कहा कि यहां प्राचीन काल से ही पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया जाता है। पूरे गांव के लोग सामुहिक रूप से पूजा कराते हैं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

## पांच परगना क्षेत्र का प्रसिद्ध मंडा पर्व संपन्न



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पांच परगना क्षेत्र का प्रसिद्ध मंडा पर्व धूमधाम के साथ सोमवार को समाप्त हो गयी। बुंडू के रानी चूआ स्थित शिव मंदिर में फूलखुंदी (अग्निकुंड) में चलकर भगवान शिव को प्रसन्न किया। इस दौरान 7 दिनों से फलाहार कर भोक्तागन भगवान शिव की आराधना करते हैं। जो सोमवार को अग्निकुंड में चलकर भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर समापन की गयी। साथ ही पूरे क्षेत्र में सत्तू आम खाकर सत्तुवान पर्व भी मनाया गया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा अशोक विहार स्थित काजल मेडिकल में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रांची से आये जनरल फिजिशियन डॉक्टर एम हसीबुल्लाह ने क्षेत्र के कई लोगों का निःशुल्क उपचार किया। इससे पूर्व कोल इंडिया एससी/एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार क्षेत्र के सचिव कामेश्वर राम ने और डॉक्टर एम हसीबुल्लाह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इसके बाद शिविर में सैकड़ों लोगों की जांच की गयी। इस संबंध में डॉक्टर एम हसीबुल्लाह ने बताया कि सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार और सोमवार को वह काजल मेडिकल के नए क्लीनिक में लोगों का उपचार करेंगे। वहीं सिस्टा सचिव कामेश्वर राम ने बताया कि काजल मेडिकल के सौजन्य से अब यहां के लोगों का उपचार भी किया जायेगा। सप्ताह में दो दिन जनरल फिजिशियन डॉक्टर एम हसीबुल्लाह के द्वारा लोगों का उपचार किया जायेगा। काजल मेडिकल का यह प्रयास काफी सराहनीय है। वहीं काजल मेडिकल के संचालक अजय कुमार ने बताया कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर से बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान करने के लिए यह क्लीनिक चालू किया गया है। इससे यहां के स्थानीय लोगों को इलाज कराने में सुविधा मिलेगी। इस मौके पर कामेश्वर राम, बाबूलाल राम,गंगा राम, नागेश्वर राम, लखेश्वर लाल, संजीव कुमार मिश्रा, अनिल कुमार, ललिंदर कुमार, संतोष कुमार राम, रीना देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक हैं डॉ अंबेडकर: कोचे मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा तोरपा मंडल द्वारा ममरला गांव में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया। मौके पर पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि डॉ अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता एवं लोकतंत्र के मूल्यों का प्रतीक है, जो आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया और स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता के लिए संघर्ष किया। मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, रामानंद साहू, संजय नाग, राजू साहू, संदीप कुमार, शिवनाथ शाहदेव, छोटन भेंगरा, बोलो भेंगरा आदि उपस्थित थे।

## बुंडू में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भाजपा के द्वारा सुभाष चौक बुंडू में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर अजीत कुमार महतो, विवेकानंद जायसवाल, अमित उपाध्याय, मनोज चौरसिया, कुश कुशवाहा, सुरज जायसवाल बंटी चौधरी आदि उपस्थित हुए

# जयंती पर याद किये गये डॉ भीमराव अंबेडकर

## अंबेडकर विचार मंच ने भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर विचार मंच खलारी के तत्वाधान में सोमवार को केडी अंबेडकर चौक में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह पुर्वक मनायी गयी। जयंती समारोह राजन सिंह राजा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खलारी थाना प्रभारी इंस्पैक्टर जयदीप टोप्पो और विशिष्ट अतिथि में क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, दिनेश पांडेय घंटु, अनिल पाण्डेय, संजय गुप्ता, संजय सिंह, मनोज प्रसाद एवं यूनियन प्रतिनिधि बीएन पाण्डे, सुनील कुमार सिंह, खलारी व्यावसायिक संघ अध्यक्ष शत्रुंजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने केडी अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। वहीं समारोह में अंबेडकर विचार मंच की ओर से अतिथियों के हाथों 300 से अधिक स्कूली बच्चों के बीच पठन पाठन सामग्री का वितरण किया गया। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन अशोक राम एवं पुरे कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन इम्तियाज अंसारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रंजन सिंह बिट्टू, सुरेन्द्र चौहान, फिरोज अंसारी, रवि उरांव, सलामत अंसारी, जफरूदीन अंसारी, दीलिप राम सहित काफी संख्या मेंमहिला पुरूष एवं बच्चे उपस्थित थे।

## संविधान सम्मान रक्षा यात्रा बुंडू पहुंची



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** संविधान सम्मान रक्षा यात्रा सोमवार को बुंडू पहुंची। जहां एसटी एसी पिछड़ी जाति और अल्पसंख्यक संगठन के लोगों द्वारा संविधान सम्मान रक्षा रथ को बाजे गाजे के साथ समारोह स्थल तक लाया गया, जहां बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। समारोह स्थल पर कई वक्ताओं ने अपने भाषण में कहा कि बाबा साहब देश के लिए संविधान का निर्माण किया, उनका कहना था की शिक्षित हो संगठित हो एवं संघर्ष शील बनो तभी समाज का उधर होगी। मुख्य रूप से गिरीश मुंडा मुकेश मुंडा भीम मछुआ, गणेश मछुआ, मोहन बैठा, जेहला टूटी, गणेश कोईरी, अबू सहिद अंसारी, रंजीत महतो, मोहन बैठा, धनु नाग, राकेश मछुआ, सुखराम स्वामी, काली मछुआ, दुखाहरन मछुआ विनोद मछुआ, चंदन मछुआ आदि जुटे।

## डकरा में मनायी गयी भीमराव अंबेडकर जयंती



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में अंबेडकर पार्क डकरा में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस मौके पर मुख्य अतिथि ट्राइबल क्वीन पूजा लकड़ा और विशिष्ट अतिथि आदिवासी छात्र संघ के रांची अध्यक्ष महावीर उरांव, मूलवासी चिंतक द्वारिका दास, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, इंदिरा देवी, नीरज भोगता,संजय महली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवपाल मुंडा एवं संचालन रामलखन गंझु और महेंद्र उरांव ने किया। कार्यक्रम में सबसे पहले डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वक्ताओं ने अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर जगरनाथ महतो,जालिम सिंह, जंगबहादुर राम, अशोक लकड़ा, कन्हाई पासी, बहुरा मुंडा, अमृत भोगता, महेंद्र उरांव, शांति देवी, किशोर रजक, सुखराम सेठ सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## समाहरणालय सभागार में डॉ भीमराव अंबेडकर को लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भारतीय संविधान के निमार्ता, महान समाज सुधारक भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को समाहरणालय स्थित सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, डीसीएलआर अरविंद कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारियों और कर्मियों ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण की श्रद्धांजलि दी। मौके पर डीडीसी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ न केवल भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी थे, बल्कि वे एक प्रखर अर्थशास्त्री, विधिवेता और समाज सुधारक भी थे। उन्होंने जीवन भर सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध संघर्ष किया और समता, स्वतंत्रता तथा बंधुत्व पर आधारित समाज की स्थापना के लिए कार्य किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के आर्दशों एवं विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। डीडीसी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता एवं लोकतंत्र के मूल्यों का प्रतीक है, जो आज भी प्रेरणा स्रोत है।

## खलारी में भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** भाजपा खलारी मंडल के द्वारा गुलजारबाग साईनगर में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मंडल अध्यक्ष अनिल गंझु और वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता ने माल्यार्पण किया। वही पुष्प अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, श्याम सुंदर सिंह, अरविंद सिंह, भरत रजक, शशि प्रसाद साहू, शैलेंद्र शर्मा, मिथिलेश प्रजापति, शत्रुंजय सिंह, कुलदीप लोहरा, ममता केसरी, सरोजनी देवी, मीरा देवी, बीरबल गंझू प्रमोद प्रजापति, नीरा देवी सरिता देवी, संजीत देवी दीपशिखा देवी, प्रदीप प्रमाणिक तुलसी मुंडा, राजेंद्र रजक, रवि भूषण सिंह, नवीन ठाकुर लाल बाबू सिंह, शिव चौधरी,सुबोध रजक और अशोक शुक्ला इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में अंबेडकर जयंती मनायी गयी




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में सोमवार को देश रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर मे डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल की प्राचार्या टाका नारो जमीर द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गयी। प्राचार्या सहित शिक्षको ने बाबा साहेब के संघर्ष और उनके द्वारा समाज में लायेए गये बदलाव पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त असमानता और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाया था। उन्होंने सभी को एक सूत्र में बांधने का काम किया है। उनके योगदान को देश कभी भी भूला नहीं सकता है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि अंबेडकर के आर्दशो और उनके द्वारा दिखाए गएये मार्ग पर चलने की जरूरत है।

# पिपरवार कोयलांचल में मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** संविधान के रचयिता एवं भारत रत्न से सम्मानित विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के इलाको मे धुमधाम के साथ मनाया गया। बाबा साहेब को याद करते हुए कोयलांचल के लोगो ने उन्हे श्रद्धांजलि दी। बचरा अंबेडकर चौक मे कोल इंडिया एससी एसटी इम्पलाईज एसोसिएशन सिस्टा पिपरवार द्वारा भव्य जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कामेश्वर राम और संचालन उमेश मेहता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप मे पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार और विशिष्ट अतिथि मे एरिया रिक्युरीटी ऑफिसर हेमचंद महतो मौजुद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी। आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर और अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया। वही अंबेडकर जयंती के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों के बीच कॉपी और कलम का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पिपरवार जीएम संजीव कुमार ने कहा कि बाबा साहेब के संदेश ने देश को एक सूत्र मे बांधने का काम किया है। उनके कार्यो को देश कभी नही भूला सकता है। वर्तमान मे उनके दिखाये मार्ग पर चलकर उनके अधुरे सपनो को साकार करने की जरूरत है। बाबा साहब ने देश को शिक्षित बनने, संगठित होने और संघर्ष करने का आहवान किया था। वर्तमान में उनके अधूरे सपनों को साकार करने और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी, वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि रविंद्रनाथ सिंह, सतीश कुमार पांडेय, रामू गोप, कृष्ण मुरारी पाठक, निर्मल सिंह, डीएवी बचरा के शिक्षक एके लाल, जीएसपी शर्मा, सुमित कुमार, अविनाश कुमार, मोहम्मद जुलफाम, चमन महतो, गीता एक्का, रीना देवी, किरण देवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे कामेश्वर राम, बाबुलाल राम, रामजीत राम, बंसत कुमार, नागेश्वर राम, रमेश राम, नरेश सेठ, गंगा राम, लखेश्वर लाल, अजय कुमार ,हिमांशु चाटर, देवनाथ राम,सुरेन्द्र राम, संतोष राम, ललेंद्र कुमार सहित अन्य लोगो की सराहनीय भुमिका रही। इधर मगध संघमित्रा के बचरा महाप्रबंधक कार्यालय में संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनायी गयी। मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला गया और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर काफी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी डॉ अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में सोमवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को विधि निमार्ता भारर्त के प्रेरणा स्रोत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। मौके पर कांग्रेस के खूंटी जिला प्रभारी और कोलेबिरा के विधायक नमन विक्स कोनगाड़ी विशेष रूप से मौजूद थे। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि अगर भारतीय संविधान का निर्माण नहीं होता, तो भारत आज अस्त-व्यस्त अवस्था में होता। यहां मुगलों एवं अंग्रेजों की शासन व्यवस्था चलती रहती। लोग एक दूसरे को उच्च और नीच की दृष्टि से देखते। विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने भी बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की तरक्की संविधान से ही संभव है। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्णा चौधरी, जिला उपाध्यक्ष पांडेया मुण्डा, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, जोन कंडुलना, अंजय गुप्ता, बब्लू, संजीव परधिया, सुनीता गोप सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आरपीआइ ने मनायी अंबेडकर जयंती



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर की प्रदेश महिला महासचिव सह विधिक सेवा प्राधिकरण डालसा प्रतिनिधि रंजना गिरि ने मजदूरों के साथ डाक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती मनायी। इस दौरान सर्व प्रथम उन्होंने बाबा डाक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। वहीं मौके पर उपस्थित लोगों ने भी बारी-बारी से पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। मौके पर उपस्थित मजदूरों ने डाक्टर अंबेडकर की जयकारे लगाये। रंजना गिरी ने वहां पहुंचे मजदूर के बच्चों के बीच चाकलेट, पुस्तक और कलम का वितरण करते हुए मजदूरो को शख्त हिदायत देते हुए कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित जरुर करे। मौके पर हेमलाल गंझू,फूलमानी देवी, शिलामणि देवी, पूजा कुमारी, शांति कुमारी, बसंती देवी, विकास मुंडा, विजय उरांव, वासुदेव मुंडा विमला कुमारी, दिनेश जांगो सुरेश जांगड़े, लखीराम जांगड़े, किशोर कुमार और बच्चे सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## अनुमंडल बार एसोसिएशन चांडिल में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल अनुमंडल बार एसोशियन भवन में सोमवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वां जयंती के उपलक्ष पर बद्री प्रसाद साहू के अध्यक्षता में माल्यार्पण और अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार महतो के द्वारा किया गया। अधिवक्ता गोवर्धन महतो ने अंबेडकर के जीवनी और समर्पण भाषण की शुरूवात किया। वही अधिवक्ता सुभाष चंद्र महतो,कमल कांत महतो, शिवेश्वर महतो, कमलेश सिंह, विश्वनाथ कालिंदी, अमित चक्रवती, परमेश्वर भगत,लाल सिंह मुंडा, संजीव कुमार सिंह पातर, अशोक कुमार झा, मंगल सिंह मुंडा, गुरुचरण महतो आदि ने भी भीमराव अंबेडकर के बारे में अभिभाषण दिए। कार्यक्रम का समापन भाषण अध्यक्ष बद्री प्रसाद साहू ने दिया। मौके पर अधिवक्ता बिदु भूषण महतो, मनोरथ माझी और दिलीप कुमार महतो उपस्थित थे।

## डॉ अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ मंडल के आमलेशा हरिजन बस्ती, नुरीडीह, सारजमडीह, पांडरानी आदि गांव में संविधान निर्माता बाबा साहेब डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित ग्रामीणों ने बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष बारी बारी से पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इधर आमलेशा हरिजन बस्ती में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष रांची ग्रामीण जलैंद्र कुमार एवं पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा पहुंचे और बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जलैंद्र कुमार ने कहा कि जिस महान विभूति के भारत का संविधान का निर्माण हुआ और जिसने आदिवासी दलित के लिए एक विशेष कानून बनाया उन्हें पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने कभी सम्मान नहीं दिया बल्कि उनके द्वारा बनाये संविधान को ढाल बनाकर राजनीतिक लाभ लेते रहा। आज कार्यक्रम में मुख्य रूप से विशेष रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, मदन सिंह मुंडा, समरेंद्र मुखर्जी, शंकर सोनार, बहादुर पुरान, राहुल गिरि, शिवेश्वर अहीर, सुखदेव अहीर सहित कई कार्यकर्ता और हरिजन बस्ती के महिला पुरुष शामिल थे।

## मुरी में श्रद्धा के साथ की गयी मंडा पूजा

**मुरी (आजाद सिपाही)।** रविवार की रात मुरी और आसपास के इलाके मे मंडा पूजा बड़े ही श्रद्धा से मनाया गया। लोदमू आम बागान के पास, सिल्लीडीह शिवमंदिर, देलबेड़ा मंदिर, कोचों ग्राम में फुलखुंदी, छऊ नृत्य का आयोजन स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा किया गया। काफी संख्या में भक्तजन भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और दहकते अंगारों पर नंगे पैर चल कर शिव भक्ति का परिचय दिया। इसे देखने के लिए काफी संख्या मे लोग एकत्रित हुए। दूसरे दिन सोमवार को ग्रामीणों ने चली आ रही परंपरा के अनुसार गुड़, आम, सत्तू का सेवन किया।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## टाटीसिलवे के डोल बगीचा में धूमधाम से मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

# महिलाओं-वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए डॉ अंबेडकर के कार्य आज भी प्रेरणादायक हैं : सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को टाटीसिलवे स्थित डोल बगीचा के समीप धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और केक काटकर की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी मोर्चा अध्यक्ष रंथू नायक, संचालन डॉ रिझू नायक एवं धन्यवाद ज्ञापन मनेश महतो ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने डॉ अंबेडकर के संघर्षमय जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय, समानता एवं एकता के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि डॉ अंबेडकर ने महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए जो कार्य किए, वे आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन कांग्रेस ने डॉ अंबेडकर के राजनीतिक जीवन को दबाने का हरसंभव प्रयास किया। हिंदू कोड बिल जैसे महत्वपूर्ण विधेयक को लागू करने से रोकने के कारण डॉ अंबेडकर ने नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। बताया कि कांग्रेस ने बार-बार अंबेडकर को सम्मान देने से इनकार किया, लेकिन वर्ष 1990 में विश्वनाथ प्रताप सिंह सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2018 में डॉ अंबेडकर से जुड़ी स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा दिया। कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व विधायक आरके पाहन, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, उपप्रमुख वीणा देवी, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व सैनिक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने डॉ अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, पूर्व अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व सैनिक संजीत कुमार सिंह, नागेश्वर महतो, मुक्तिनाथ मिश्रा, माधुरी देवी, सुरेंद्र महतो, मनोज चौधरी, अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, पारसनाथ उरांव, महावीर नायक, राजू नायक आदि उपस्थित थे।

## बाबा साहब का जीवन हमें आज समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है : राजेश कच्छप

**डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर साड़ी का किया गया वितरण**



**अनगड़ा/नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नामकुम के टाटीसिलवे डोल बगीचा में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खिजरी विधायक राजेश कच्छप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने से हुई। विधायक राजेश कच्छप ने डॉ भीमराव अंबेडकर के योगदान और उनकी शिक्षा एवं सामाजिक सुधारों के प्रति संघर्ष की सराहना की। कहा कि बाबा साहेब ने हमेशा समानता और भाईचारे का संदेश दिया, जिसे हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस दौरान रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के युवा नेता किसन नायक के सौजन्य से दर्जनों माताओं और बहनों को विधायक के हाथों साड़ी के रूप में उपहार दिया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव सह प्रवक्ता अर्चना मिश्रा, अशोक कुमार मिश्रा, जितेंद्र सिंह, क्रिस्टो कुजूर, गणेश राम, राजेश नायक, सौरभ सिंह, शंकर राम, विजय नायक, राजकिशोर नायक, धीरज राम, अरुण राम, बंटी नायक, बाबूराम महली, भुवनेश्वर महतो, श्रीधर मिश्रा सहित कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जसपुरिया बीएड कॉलेज में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह आयोजित



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जसपुरिया बीएड कॉलेज में सोमवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान में विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के अध्यक्ष जलेंद्र कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ हुई। सिके बाद प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने डॉ अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और समाज में उनके योगदान पर एक प्रेरणादायी भाषण दिया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार डॉ अंबेडकर ने अपने जीवन को दलित, वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों की रक्षा और सामाजिक समरसता की स्थापना के लिए समर्पित कर दिया। मंच संचालन प्रशिक्षु छात्र राहुल दास और प्रीति राव ने किया। प्रशिक्षु पल्लवी ने डॉ अंबेडकर के जीवन और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर विस्तृत भाषण प्रस्तुत किया, जिसने सभी श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया। इसके बाद प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिनमें नृत्य, और गीत शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने डॉ अंबेडकर के विचारों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। इसके साथ ही एक समूह चर्चा का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्राध्यापक प्रवीण कुमार रवि ने किया। जिसका विषय 'दलित एवं वंचित समुदायों के लिए अंबेडकर का संघर्ष' था। इस चर्चा में विभिन्न प्रतिभागियों ने डॉ अंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के अधिकार संबंधी दृष्टिकोण पर विचार साझा किए। इस अवसर पर बीएड और किपिंग नर्सिंग विभाग के शिक्षक प्रवीण कुमार कुशवाहा, सजीब कुमार, डॉ कुमारी प्रियंका, विभा कुमारी, रंचन कुमारी, सरिता कुमारी, प्रभा हेनरी, रश्मि कुमारी, महफूज अंसारी, संदीप कुमार, मधु कुमारी एवं सीमा कुमारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य ना केवल डॉ अंबेडकर के योगदान को स्मरण करना था, बल्कि उनके विचारों को वर्तमान पीढ़ी तक पहुंचाना और सामाजिक न्याय के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष से प्रेरणा लेना भी था।

## बारिश होते ही शास्त्री चौक दड़दाग ब्लॉक बना तालाब



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** हल्की बारिश में ही शास्त्री चौक, दडदाग, राहुल स्वीट और किसान कॉम्प्लेक्स के पास जल जमाव हो जाता है। जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। हालात इतने खराब हो जाते हैं कि पैदल चलना भी राहगीरों के लिए दुश्वार हो जाता है। इस परि्स्थिति के रू-बरू होते लोगों की समस्याओं को कई बार समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया गया, लेकिन समाधान के नाम पर खानापूर्ति कर छोड़ दिया जाता है। फोर लेन निर्माण के पानी निकासी के लिए दो छोटे-छोटे छिद्र वाली नाली निर्माण कराया गया था, जो प्रतिदिन उड़ने वाले धूल-गंदे से जाम हो जाती है। इस विषय पर एनएचएआई के निदेशक एकता कुमारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि फ्लाईओवर निर्माण के कारण पहले भी इस तरह की समस्या आयी थी, जिसका निदान किया गया था। यदि ऐसी समस्या है तो मैं फोटो मंगवा कर उसे तुरंत ठीक कराने के लिए कहती हूं।

## मंडा पूजा सामाजिक मिश्रण के बीच एकता का प्रतीक : जैलेंद्र

**फूलखूंदी एवं झूलन के साथ संपन्न हुआ नवागढ़ मंडा पूजा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** नवागढ़ गांव में सोमवार की सुबह फूलखुंदी एवं झूलन के साथ सात दिवसीय शिव मंडा पूजा का समापन हुआ। रात्रि जागरण में कार्तिक कर्मकार रघुनाथपुर सरायकेला खरसांवा और गोपाल मंडल पुरुलिया बंगाल की दो छउ नृत्य टीमों के बीच मुकाबला हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया और पंसस फाल्गुनी शाही ने रात्रि जागरण अखाड़ा का उदंघाटन किया। पूजा में 75 भोक्ता व 80 सोक्ता शामिल हुए। इस अवसर पर जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि मंडा पूजा झारखंड खासकर छोटानागपुर का प्रमुख पर्व है। इस पूजा को सदियों से आदिवासी सहित यहां के सभी समाज मिलजुलकर करते आये है। यह पूजा सामाजिक मिश्रण के बीच एकता का प्रतीक है। इस एकता को बनाए रखना है। मौके पर प्रमोद सिंह, नरेंद्र सिंह, प्रभुदयाल बड़ाइक, बुधराम बेदिया, संतोष बेदिया, संजय बेदिया, बालेश्वर बेदिया, दिलीप कुमार मिर्धा, रवि मिर्धा सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष गौतम करमाली, सचिव विजेंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रूसवा मिर्धा, प्रवक्ता दिलीप कुमार मिर्धा, मानकी कामख्या नारायण शाही, रामदेव पांडे, मटू मिर्धा, शिबू बेदिया, दीपेंद्र बेदिया, ओम संगवार, अनिल हजाम, दिनेश करमाली और मनरतन करमाली आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**इटकी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय रजमार्ग 23 के पलमा गांव स्थित रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में घायल यज्ञ पांडेय नामक 18 वर्षीय किशोर का रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। बतातें चलें कि विगत सात अप्रैल को यज्ञ पांडेय सड़क हादसे में घायल हो गया था। वह पिस्कामोड़ रांची बैक कलोनी निवासी सतीष पांडेय का पुत्र था। घटना को लेकर मृतक के पिता ने थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें कहा है कि यज्ञ पांडेय सात अप्रैल को दोस्तों से मिलने जाने की बात कह कर घर से दोपहर 12 बजे निकला था। तीन बजे दुर्घटना की सूचना फोन पर मिली थी। परिजनों ने इटकी थाना में आवेदन देकर मामले का जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनी डॉ अंबेडकर की जयंती



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य सेवाराम महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान निमार्ण के साथ ही समाज, शिक्षा, राजनीति एवं न्याय व्यवस्था में अमूल्य योगदान दिया। उनकी प्रेरणा आज भी सभी देशवासियों को मिल रही है। हमें बाबा साहेब के विचार एवं आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। संचालन आचार्य वीरेंद्र कुमार ने किया। मौके पर आचार्य रामचंद्र महतो, सुखदेव महतो, रंजीत महतो, शिव शंकर महतो, राधा महतो, मुकेश महतो, बेबी रानी, सुधा देवी और यज्ञा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## साइंस विजन पब्लिक स्कूल में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनी



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** साइंस विजन पब्लिक स्कूल मरवा का 16वां स्थापना दिवस एवं संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती सोमवार को धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लेखन प्रतियोगिता में सना रुखसार परवीन, आफसीन परी प्रथम, मोनिका मुंडा, अफीफा सिदिका द्वितीय, वर्षा कुमारी, सितारा परवीन तृतीय स्थान प्राप्त किए। वहीं, पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में आमिर समद प्रथम, नौशीन रानी द्वितीय, अनुष्का सिंह और श्रेया सोनाली सिंह तृतीय रही। जबकि पेंटिंग में नीरज कुमार प्रथम, फिजा और रुखसार परवीन द्वितीय एवं विशाल कुमार, रोहन कुमार और प्रिंस कुमार तृतीय को विजेता घोषित किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक ने बच्चों से संविधान एवं उसकी महत्व की जानकारी देते हुए संविधान की रक्षा का आह्वान किया। वहीं, प्राचार्या बीना राम ने कहा कि संविधान और बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती एवं विद्यालय स्थापना दिवस हम सभी के लिए गौरव का प्रतीक है। इसे मजबूती प्रदान करना सभी का कर्तव्य है। इस मौके पर नसीम अहमद, दमयंती सिंह, राजउर रहमान, मोइनुल इस्लाम, रीना साहू, मौसमी साहू, मसीउल्लाह अंसारी, मनिता देवी, कौशरी नाज, ललिता देवी, मनोज कुमार, जाबिर अंसारी, पुनम कुमारी आदि उपस्थित थे।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी



रातू (आजाद सिपाही)। झारखंड समाजवादी आवासीय प्रदेश कार्यालय में सोमवार को संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों ने फूल माला पहना कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव और प्रमुख महासचिव मुस्तफा अंसारी ने कहा कि भारत के संविधान जैसा किसी देश का संविधान नहीं है। हमारे देश का सविधान गरीब-आमिर सभी को एक समान सम्मानपूर्व पूर्वक जीने का अधिकार प्रदान करता हैं। बाबा साहब एक वकील होने के साथ ही अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने छुआछूत और जातीय भेदभाव के खिलाफ आंदोलन चलाया। हम सभी को उनके दिखाये मार्ग पर चलने की जरूरत है। इस मौके पर समाजवादी के रांची जिला अध्यक्ष राम प्रसाद गोप, प्रदेश युवा जन अभिनव कुमार श्रीवास्तव, रांची जिला अध्यक्ष सिद्दीक अंसारी, आशिक अंसारी, फिरदोश अंसारी, इम्तियाज अंसारी, रवींद्र यादव, मूरत यादव, अमानत अंसारी आदि उपस्थित थे।

## डॉ अंबेडकर के सपनों को हम सभी को मिल कर पूरा करना होगा : मो मजीद



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** सदर सेंट्रल अंजुमन कमेटी कोकदोरो इस्लामपुर के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह फ्लाई एस ब्रिक्स एवं पेवर ब्लॉक निदेशक मो मजीद अंसारी ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पिठोरिया चौक स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर के सामाजिक समानता और समरसता के सपनों को हम सभी को मिलकर पूरा करना होगा।

## नवागढ़ शिव मंदिर के रूद्राभिषेक को लेकर निकाली कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** नवागढ़ स्थित शिव मंदिर का सोमवार से तीन दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्राभिषेक महायज्ञ शुरू हुआ। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गयी, जिसमें 301 महिलाओं ने सोसो डेगाडेगी स्थित स्वर्णरेखा नदी से जल का उठाव किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार भी कलश यात्रा में शामिल हुए। मंगलवार को बेदी पूजन और बुधवार को अखंड हरिकीर्तन एवं भंडारा होगा। धार्मिक अनुष्ठान आचार्य राजेश शास्त्री एवं सहयोगी दीपक मिश्रा कर रहे है। इस अवसर पर संजय उपाध्याय, संतोष उपाध्याय, रामदेव पांडेय, पूर्णोशशि पांडेय, राजू रजवार, जगनू रजवार, विजेन्द्र उपाध्याय, मुकेश पांडेय, दिलीप पांडेय, संदीप पांडेय, भरत पांडेय सुमित पांडेय, अनिल पांडेय, पुशु रजक, सुधीर पांडेय आदि थे।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में मनायी गयी डॉ अंबेडकर जयंती

**इटकी (आजाद सिपाही)।** स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को भारत रत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर उनके चित्र पर फूल माला अर्पण कर नमन किया गया। वहीं, संस्थान की ओर से पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट स्थान पाले वालों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आनंद गोप, वाणी कुमारी, अभय गोप, निधि कुमारी, ऐलिश कुजूर, आयुष कुमार आदि उपस्थित थे।

## हादसे में दो घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी नगड़ी मोड़ पर अज्ञात वाहन और ऑटो के बीच हुई टक्कर में दो लोग हो गये। घटना सोमवार की शाम 6.30 बजे की है। उनके नाम इटकी के सउद आलम (35) और भरनो निवासी दीपक उरांव (19) है।

## डीएवी स्कूल में मनायी गयी डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

# शिक्षा ही वह शक्ति है, जिससे कुछ भी हासिल किया जा सकता है : कैलाश

आजाद सिपाही संवाददाता




**बेड़ो।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में सोमवार को भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्सोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार एवं शिक्षकों ने भीमराव अंबेडकर के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर कैलाश कुमार ने बाबा साहेब की जीवन पर प्रकाश डाला। बताया कि बाबा साहेब का परिवार महार जाति दलित से संबंध राझेटे थे। जिसे अछूत माना जाता था। उन्हें स्कूल में कक्षा के बाहर बैठाया जाता था। स्कूल में घड़े से शुद से पानी निकाल कर भी पीने की इजाजत नहीं थी। इस पर उन्होंने 'नो पीयून नो वाटर' नामक एक किताब भी लिखी है। जिसमें उन्होंने बताया कि पीयून उन्हें पानी ऊपर से ढाल देता था तब ही वो पीते थे। जिस दिन पीयून नहीं आता था उस दिन उन्हें पानी भी नसीब नहीं होता था। इतनी कठिन परिस्थिति में भी उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी। क्योंकि उनको पता था कि अगर इन सब चीजों को समाज से खत्म करना है तो पढ़ाई ही एक रास्ता है। उन्होंने स्कॉलरशिप पर लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक से डॉक्टरेड की उपाधि प्राप्त की और देश की आजादी के बाद पहले कानून मंत्री बने। देश के संविधान निर्माण समिति के अध्यक्ष बने और देश के संविधान के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है जिससे कुछ भी हासिल किया जा सकता है। बाबा साहेब की जिंदगी से उन्हें सीखना चाहिए और एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा।

## अंबेडकर जयंती पर बांटी गयी संविधान की पुस्तकें



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अंबेडकर विचार मंच की ओर से सोमवार को टाटीसिलवे डोल बगीचा में संविधान निमार्ता भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पारसनाथ उरांव, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पद्मश्री महावीर नायक, भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार, उपप्रमुख बिना देवी, आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू नायक, वीरेंद्र सिंह भोगता आदि उपस्थित हुए, जिन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेने और समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर लोगों के बीच संविधान की पुस्तकें बांटी गई। कार्यक्रम में आजसू अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो, अरुण राम, धीरज राम, गणेश राम, मनोज नायक, राजेंद्र महतो, किशन कुमार नायक, रामकुमार नायक, पूर्व मुखिया मनकी धनंजय शाही सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## डीसी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को परमबीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला स्थित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने माल्यार्पण किया। मौके पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आमजनों को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के दिखाये मार्ग पर चलने एवं उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कहीं। साथ ही, संविधान में दिये गये अधिकारों एवं नियमों का अनुपालन करने को कहा। इस मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य शाखा, जिला अभियंता जिला परिषद, अंचल अधिकारी, सीटी मैनेजर बेलाल अहमद सहित अन्यों ने बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण/ पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने मनाया अंबेडकर जयंती समारोह



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक के नेतृत्व में सोमवार दिन के 11 बजे अंबेडकर जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। भाजपाइयों ने अलबर्ट एक्का स्टेडियम परिसर स्थित अंबेडकर की मूर्ति पर सामूहिक रूप से माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एस सी मोर्चा के जिला अध्यक्ष खुशमन नायक ने कहा भारतीय संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर गरीब, शोषित एवं पीड़ित परिवार के मसीहा थे। बाबा साहेब दलित समाज के उद्धार हेतु अपना जीवन समर्पित कर दिया। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बाबा साहेब स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री रहे। इनके नेतृत्व में भारत ही नहीं वल्कि पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन हुआ है। खुशमन नायक ने कहा जब तक सूरज चांद रहेगा, बाबा जी का नाम रहेगा। बाबा साहेब से प्रेरणा लेकर हम उनके अधूरे कार्य को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। उनके रास्ते पर चल कर भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु, जिला महामंत्री जसवंत सिंह,रामावतार भगत, दिनेश सिंह, भूपन साहु, निर्मल गोयल, खेदू नायक, शक्ति नायक, रवि नायक,संभू नायक ,मुनेश्वर नायक, कौशलेंद्र जमुआर, रीता देवी, बिमला देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## चिल्ड्रेन एकेडमी में बाबा साहब के बहुमूल्य बदलाव और योगदान को बतलाया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एकेडमी 10 + 2 स्कूल रन्हे घाघरा और गोपाल साहु पब्लिक स्कूल घाघरा में बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को मनायी गयी। आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। साथ ही भारत में किये गये उनके बहुमूल्य बदलाव और योगदान के बारे में बच्चों को बताया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक विजय साहू ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के संविधान के निर्माता डॉ आंबेडकर बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे, डॉक्टर अंबेडकर एक उत्कृष्ट बुद्धिजीवी, प्रकांड विद्वान, सफल राजनीतिज्ञ, कानूनविद, अर्थशास्त्री और जनप्रिय नायक थे। साथ ही वे शोषित महिलाओं और गरीबों के मुक्तिदाता थे। डॉक्टर अंबेडकर सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष के प्रतीक हैं। डॉ अंबेडकर ने सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक सभी क्षेत्रों में लोकतंत्र की वकालत की। इधर गोपाल साहू पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज साहू ने भी अपने विद्यालय के बच्चों को डॉक्टर अंबेडकर से संबंधित जानकारी दिया। मौजूद कई लोगों ने डॉ. अंबेडकर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका मीना देवी, उप प्रधानाध्यापिका रीना मींज, विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित प्रेमचंद कुमार, अजीत लकड़ा, राहुल नाग, माइकल उरांव, दुर्गावती कुमारी, आरती कुमारी, तारामणि देवी सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## अनियंत्रित होकर कार गड्ढे में गिरी, तीन घायल

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवाकी बाबा धाम पुल के समीप मारुति इग्निस वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे कार सवार बंगाल आसनसोल निवासी विश्वजीत बैनर्जी, चित्रा बैनर्जी, अनंता बैनर्जी के नाम शामिल है। तीनों घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा भिजवाया गया जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाबत मेरी जानकारी के अनुसार विश्वजीत अपनी पत्नी चित्रा और बेटी अनंता के साथ नेतरहाट से वापस मारुति इग्निस कार से लौट रहे थे। इसी क्रम में बाबा धाम पुल के समीप कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गड्ढे में पेड़ से जा टकराई जिससे तीनों घायल हो गये।

## एसपी ने चैनपुर थाना का किया निरीक्षण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक शंभु सिंह ने सोमवार को चैनपुर थाना का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने विधि व्यवस्था संधारण सहित सिरिस्ता का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ललित मीणा, सर्किल इंस्पेक्टर महेंद्र करमाली भी साथ थे। निरीक्षण में उन्होंने थाना में संधारित पंजियों, संचिकाओं, गुंडा पंजी, पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, आगंतुक पंजी, मालखाना पंजी, महिला हेल्प डेस्क पंजी, लोक शिकायत पंजी, हाजत पंजी, वारंट इश्तिहार, कुर्की पंजियों का अवलोकन किया। साथ ही साथ उसे अद्यतन रखने का निर्देश भी दिया गया। थाना में लंबित कांडों की समीक्षा कर संबंधित अनुसंधानकर्ता को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। थाना क्षेत्र के मुख्य चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही थाना परिसर एवं पुलिस कर्मियों के रहने वाले बैरक का निरीक्षण किया गया। वहीं थाना में नियमित रूप से भूमि विवाद से संबंधित बैठक करने, थाना में नियमित रूप से सभी दागियों को सत्यापित करने एवं उनके गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया।

# बाबा साहब इतिहास गढ़ने वाले महामानव थे : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बाबा साहब इतिहास लिखने वाले नहीं इतिहास गढ़ने वाले महामानव हैं। उनका मानना था कि समाज जब शिक्षित होगा तो वह अपने कर्तव्यों व अधिकारों के लिए खुदबखुद सजग हो जायेगा। उक्त बातें अंबेडकर समाज गुमला के द्वारा सोमवार को आयोजित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर स्थानीय सांसद सुखदेव भगत ने कही। वे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित थे। सांसद श्री भगत सहित अंबेडकर समाज के लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। सांसद ने कहा कि बाबा साहब के तीन वाक्य जीवन में हमेशा समाज के लोग को याद रखना चाहिए। जिसमें शिक्षित होना, संगठित होना व अपने अधिकार के लिए संघर्ष करना। सांसद ने कहा कि यह बाबा साहब की जयंती का दिन नहीं एक नई सोच का दिन है। क्योंकि जिन विपरीत परिस्थितियों में बाबा साहब अपनी प्रतिभा के बल पर मुकाम हासिल किया। वह पूरे देश के लोगों के लिए प्रेरणादायी है। बाबा साहब देश के हर नागरिक की स्वतंत्रता की बात करते थे। बाबा साहब के दिये संविधान के माध्यम से लोग अपना जीवन बेहतर बना रहे हैं। संविधान में भविष्य की कल्पना का समावेश है। भारत को संविधान देकर बाबा साहब ने सुव्यवस्थित कर दिया है। सांसद ने उपस्थित लोगों से संविधान की मूल भावना का आदर कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। प्रातः 11 बजे से अंबेडकर नगर गुमला से बाबा साहेब के सम्मान में जुलूस निकाला गया। जो शहर के बाजार टांड से होते हुए सिसई रोड, टावर चौक,मेन रोड, जशपुर रोड होते हुए परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम स्थित बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष पहुंच कर संपन्न हुई। इससे पूर्व जय भीम व जय संविधान का सांसद ने जयघोष कराया। इस अवसर पर अंबेडकर समाज के तेजपाल राम, डोमन राम, प्रदीप राम, शनि कुमार, शंकर राम, नगर परिषद के निर्वतमान अध्यक्ष दीपनारायण उरांव, कांग्रेस नेता मुरली मनोहर प्रसाद, गुलाम सरवर, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, आलोक साहु सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

### सांसद ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण किया



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित परिसर में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर का प्रतिमा का लोकार्पण सांसद के द्वारा किया गया। प्रतिमा अनावरण से पूर्व सांसद सुखदेव भगत, प्रमुख फुलझरी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी तथा आलोक साहु के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ववलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। वहीं प्रतिमा अनावरण के पश्चात सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि 14 अप्रैल 1891 को जन्मे बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर देश के महान विभूति में से एक थे। जिनका प्रतिमा को लोकापर्ण कर सुखद अनुभूति हो रही है। बताते हुए कहा कि बाबा साहब समाज सुधारक लेखक, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और विधिवेत्ता थे। स्वतंत्र भारत का संविधान बनाने के लिये बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया था।

# बाबा साहब भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे : रामनिवास प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सोमवार को कांग्रेस जिला कमिटी गुमला के द्वारा बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती के मौके पर जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद की अध्यक्षता में गुमला मुख्यालय स्थित बाबा साहेब के स्मारक पर सुबह 10 बजे माल्यार्पण कर नमन किया गया और देश के प्रति उनकी समर्पित योगदान आभार प्रकट गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर जिन्हें स्नेह पूर्वक बाबा साहेब के नाम से जाना जाता है भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे और सामाजिक न्याय समानता के अधिकारों के लिए अथक संघर्षरत रहे। उनके द्वारा रचित संविधान स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व को हमारे लोकतंत्र की आधारशिला के रूप में प्रतिष्ठित करता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिसकी जड़े स्वतंत्रता संग्राम में गहरी है, इन मूल्यों को कायम रखते हुए हर नागरिक को गरिमा की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास रत है। राहुल गांधी ने संविधान के महत्व का समर्थन करते हुए हासीये पर पड़े वर्गों के साथ खड़े रहते हुए बाबासाहेब के समावेशों तथा न्याय पूर्ण भारत के सपने को जिंदा रखा है। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, जिला कार्यकारिणी सदस्य आफताब आलम लाडले, जिला महासचिव फिरोज आलम अधिवक्ता खुर्शीद आलम, जास्मिन लुगुन, सहकारिता कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो मिन्हाजुद्दीन, सेवा दल के जिलाध्यक्ष मो कलाम आलम राय, जिला असंघगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो मुख्तार आलम, सेवा दल के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति कुजूर, सेवा दल महिला कमिटी की जिला महसचिव क्रिस्टीना टोप्पो, नगर अध्यक्ष सैय्यद खालिद शाह, युवा जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, गुड्डू, नारायण एक्का, पवन केवट आदि ने भाग लिया।

# बाबा साहब के योगदान से समाज प्रगतिशील हुआ : मिशन बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव बसिया प्रखंड संयोजक के नेतृत्व में जितेंद्र कुमार भगत के नेतृत्व में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबडेकर को बसिया धर्मशाला में माल्यर्पण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के तौर पर मिशन बदलाव के भूषन भगत, विनय तोप्पो और बिनोद साहू शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए भूषन भगत ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबडेकर ने संविधान बनाने के बाद जाति-पाति की बेड़ियों को तोड़ा, जिससे शोषित वंचित को सम्मान मिला। मिशन बदलाव के तमाम क्रांतिकारी साथियों के द्वारा अंबेडकर जयंती पर भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

विनय टोप्पो ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि बाबा साहब को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था और आज हमारे जिले में मिशन बदलाव भी हजारों के जीवन संघर्ष, गरीबों, मजदूरों, वंचितों और अन्य मेहनतकशों के लिए उम्मीद की किरण बना हुआ है। नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता ने कहा कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी की विकृतियों से भारतीय समाज भी अछूता नहीं रहा है। समाज सेवी सुभाष चौधरी ने कहा कि उस कालखंड में दलितों, पीड़ितों, शोषितों और वंचितों की आवाज बनकर डॉ. भीमराव आंबेडकर उभरे। दुनिया के सबसे बड़े संविधान की रचना कर उन्होंने एक नये युग का सूत्रपात किया। उन्हें उन विकृतियों, सामाजिक कुरीतियों का आजीवन सामना करना पड़ा जो भारतीय समाज को सदैव कमजोर करती थी। बैठक में मिशन बदलाव के पाइल्स लकड़ा, सतीश नायक, सुरेंद्र राम सुजीत टेटे हिरालाल साहू, नॉमिता सुरीन, जितेंद भगत उपस्थित हुए।

## बाइक की टक्कर से बच्चा घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करमटोली के समीप बिशुनपुर समदरी मुख्य सड़क पर बाइक से टक्कर हो जाने से करमटोली निवासी राजू भगत का 3 वर्षीय पुत्र श्रेयांश उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाईक सवार युवक तेज रफ्तार से समदरी से बिशुनपुर की ओर आ रहा था। इसी दौरान बच्चा अचानक सड़क पर कूद गया जिससे यह घटना घटी, इधर आनन-फानन में स्थानीय लोगों एवं परिजन की सहायता से घायल बच्चे को बिशुनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में चिकित्सकों ने बताया कि बच्चा का बाय पैर टूट गया है। जिसे देखते हुए उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया है।




# महराजास को हराकर एलीट 11 की टीम फाइनल में पहुंची

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** आईपीएल के तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच सोमवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में महराजास टीम और एलीट 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए महराजास की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 140 रन बनाये। टीम की ओर से आलोक ने शानदार 44 रन व आनंद ने 32 रन बनाये। एलीट 11 की ओर से आयुष ने तीन विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी एलीट 11 की टीम दो विकेट खोकर 7.5 ओवर में लक्ष्य हासिल करते हुए 142 रन बना दिये। एलीट 11 की ओर से आयुष ने धमाकेदार पारी खेलते हुए शानदार 57 रन और सुनील ने 44 रन बनाये। बेहतर प्रदर्शन के बल पर एलीट 11 के आयुष मैन ऑफ द मैच चुने गये। इससे पूर्व सेमीफाइनल मैच के मुख्य अतिथि भाजपा नेता मंगल सिंह भोक्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मौके पर श्री सिंह ने कहा कि गुमला के युवाओं में क्रिकेट का जुनून सर चढ़कर बोल रहा है। उनके जुनून को सही प्लेटफार्म गेट टू गेदर जैसा प्रतियोगिता दे रही है। जो खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में अहम भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर आयोजन समिति के ओम शंकर सिंह, विकास सिंह, जितेंद्र सिंह, मनोज चौधरी, मनोज गुप्ता, सौरभ विश्वकर्मा, ज्ञान कुमार, कुंदन राय सहित कई लोग उपस्थित थे। मंगलावर की सुबह सात बजे से टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मार्निंग क्रिकेट क्लब और फलाइंग फालक्नस के बीच खेला जायेगा। सेमीफाइनल मैच की विजेता टीम का मुकाबला एलीट 11 की टीम से फाइनल में होगा।

## हड्डी रोग विशेषज्ञ गुमला में 19 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड एवं रांची के हड्डी, रीढ़ की हड्डी, मस्तिष्क रोग और नस रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल कुमार 'न्यूरो सर्जन' शनिवार यानी 19 अप्रैल को गुमला के निलेश मेडिकल में आयेंगे। झारखंड के ये सुप्रसिद्ध चिकित्सक स्थानीय नीलेश मेडिकल में सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक मरीजों को देखेंगे। इसमें हड्डी में दर्द, हड्डी का कनकनाना, कमजोर हड्डी आदि से संबंधी रोगियों की जांच की जायेगी।

## डॉ अंबेडकर के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को आत्मसात करें : प्राचार्य



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में भारत के महान सपूत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अंबेडकर की चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन तथा माल्यार्पण के साथ हुई। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने डॉ अंबेडकर के जीवन के संघर्षों और उनकी उपलब्धियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए कहा कि डॉ अंबेडकर ने न केवल भारतीय संविधान का निर्माण किया, बल्कि समाज के दलित और पिछड़े वर्गों को भी सम्मान और अधिकार दिलाया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को डॉ अंबेडकर के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़ी निबंध तथा चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्राचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने पुरस्कृत किया। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम प्रमुख आचार्य अनुज कुमार ने डॉ अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने और एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर का जीवन हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में आचार्य शांतनु सिंह अभिषेक कुमार, देवेंद्र नाथ तिवारी, संजय कुमार सहित विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी की उपस्थिति रही।

## सिमडेगा के पूर्व विधायक नियेल तिर्की की पुण्यतिथि मनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा के पूर्व विधायक निएल तिर्की के चौथी पुण्यतिथि गुमला में संसदीय कार्यालय में मनाया गया, जिसमें मुख्य रूप से लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत मौजूद रहे। सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि निएल तिर्की कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे, उनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। निएल तिर्की एक संघर्षशील जुझारू नेता थे। समाज के लिए उनके द्वारा किये गये कार्यों को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, अलोक साहू , युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी, गुमला प्रखंड अध्यक्ष गुलाम सरवर, मुखिया सुनीता उरांव, मांगरा उरांव, जय सिंह, नारायण एक्का, सोमा लकड़ा, रामकिशन बड़ाइक मनोरंजन टोप्पो एवं हर्षराज एक्का मौजूद रहे।

## दलित समाज के उत्थान के लिए कार्य करें : रमेश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने कहा कि बाबा साहेब की जयंती पर हम सभी धर्म, पंथ, जाति और क्षेत्र आदि से ऊपर उठकर सही मायने में भारतीय बनाकर डॉक्टर आंबेडकर के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लें, तो यह भारत की इस महान विभूति के प्रति हमारी सबसे सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने सांसद सुखदेव भगत पर भरोसा जताया कि दलित समाज के उत्थान और प्रगति की दिशा में वे कार्य करेंगे। जिसका असर धरातल पर नजर आयेगा।

## वज्रपात की चपेट में आने से दो बच्चे घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत जेहन गुटवा गांव में बारिश प्रारंभ से पूर्व हुए वज्रपात के चपेट में घर के बाहर खेल रहे उक्त गांव निवासी धर्मचंद उरांव 16 वर्ष एवं अमीन उरांव 15 वर्ष आ गए। परिजन उक्त दोनों घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ चिकित्सकों के अनुसार दोनों बच्चे खतरे से बाहर हैं सिर्फ हल्की से झटका लगी है जिस कारण बच्चे डरे हुए थे इलाज उपरांत परिजन दोनों को घर ले गयी।

## बिशुनपुर में डॉ अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनी



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस मौके पर पुलिस विभाग से लेकर तमाम राजनीतिक और समाजिक संगठनों की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। लोगों ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष और सफलता की ऐसी अद्भुत मिसाल है, जो शायद ही कहीं और देखने को मिले। इधर पड़हा व्यवस्था के अध्यक्ष सतीश चुनाव के नेतृत्व में भी समाज के लोगों ने बनारी स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दिपलाल नगेसिया, चामु उरांव, कमलेश खेरवार, महावीर उरांव, तेतरु उरांव, चंद्रेश राम, सहित पढ़ा व्यवस्था के कई लोग उपस्थित थे।

## बीडीओ ने डॉ अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण किया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ दिनेश कुमार ने डॉ अंबेडकर की चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर बीडीओ ने डॉ अंबेडकर के विचारों और उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा डॉ अंबेडकर ने हमेशा सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महत्व को प्राथमिकता दी। उनका जीवन संघर्ष और प्रेरणा का स्रोत है। हम सबको उनके आदर्शों पर चलकर एक समतामूलक समाज की स्थापना करनी चाहिए। बीडीओ ने आगे कहा कि आज की पीढ़ी को डॉ अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर समाज में व्याप्त भेदभाव और असमानता को दूर करने के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे संविधान की गरिमा को बनाये रखें और अपने कर्तव्यों का इमानदारी से पालन करें। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

# बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलकर ही देश की अखंडता और एकता की रक्षा कर सकते हैं: किशोर हाड़ी

## बाबा साहब ने अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने, विवेकशील और शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने के लिए प्रेरित किया : एसएसपी

- हाड़ी समाज ने मनाया बाबा साहब की जयंती

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** हाड़ी जाति समाज सुधार समिति सामाजिक संस्था ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सोमवार को उन्हें याद किया। इस अवसर पर धनबाद के डीआरएम चौक पर स्थापित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही केक भी काटा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर एकता, समानता और समरसता का संदेश दिया। आज भारत जिस लोकतांत्रिक मूल्यों पर मजबूती से खड़ा है, उसका श्रेय बाबा साहब के विचारों को जाता है। उनके बताये रास्ते पर चलकर ही हम देश की अखंडता और एकता की रक्षा कर सकते हैं। वहीं, कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक हाड़ी ने कहा कि देश की प्रगति बाबा साहब के बताये रास्ते पर चलकर ही मुमकिन है। बाबा साहेब ने लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने एवं विवेकशील और शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने की प्रेरणा दी। आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का दिन है। इस मौके पर हाड़ी जाति समाज सुधार समिति से महासचिव भूचु हाड़ी, सचिव राजेश हाड़ी, कोषाध्यक्ष बिजय हाड़ी, रक्षामंत्री भोला हाड़ी, सूचनामंत्री रंजीत हाड़ी, वरिष्ठ पदाधिकारी चतुर हाड़ी, संरक्षक अमित किशोर हाड़ी, युवा समिति के अध्यक्ष बिनोद हाड़ी, उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी, भरत हाड़ी, दिनेश हाड़ी, विक्की हाड़ी, अजय हाड़ी, श्रवण हाड़ी, राजू हाड़ी, अजीत राम, झरिया प्रखंड के विकास हाड़ी और मनोज हाड़ी उपस्थित थे।




### शिक्षा से ही हाड़ी समाज का विकास संभव : राजू प्रसाद हाड़ी



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हाड़ी जाति विकास मंच शाखा कोलाकुसमा ग्राम में बाब साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती सोमवार को धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाड़ी जाति विकास मंच झारखंड के महासचिव राजू प्रसाद हाड़ी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बंटी कुमार हरि, प्रदेश सहसचिव कालो हाड़ी उपस्थित हुए। उपस्थित सभी लोगों से एक साथ मिल कर बाब साहब भीम राव अंबेडकर जी के मानचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर हाड़ी जाति विकास मंच झारखंड के महासचिव राजू हाड़ी ने बाबा साहब के आदर्शो एवं नितियों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कहा कि शिक्षा से ही हाड़ी समाज का विकास संभव है। इसलिए समाज के लोगों से अपील है कि भले ही दो रोटी कम खाएं, लेकिन अपने-अपने बच्चों को शिक्षा पर जोर दे और पढ़ने के लिए स्कूल जरूर भेजे। इस मौके पर जागेश्वर हाड़ी, मधु हाड़ी, राजू हाड़ी, जितेंद्र हाड़ी, राजा हाड़ी, चिरंजीवी हाड़ी, अजित हाड़ी, अजय हाड़ी, संजय हाड़ी, प्रदीप हाड़ी, शक्ति हाड़ी, मनोज हाड़ी, मानिक हाड़ी, सीके हरि, राजेंद्र हाड़ी, गणेश हाड़ी, प्रकाश हाड़ी, राजेश हाड़ी, सिद्धार्थ हाड़ी आदि उपस्थित थे।

## 'संविधान बचाओ देश बचाओ' विचार संगोष्ठी का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में सोमवार की सुबह 11 बजे संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती जिला कांग्रेस मुख्यालय सभागार धनबाद के हाउसिंग कॉलोनी में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसियों ने बाबा साहब के तेल्य चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए एक संविधान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कहती है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर जी का अपमान किया है। जबकि सच्चाई यह है कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को संविधान सभा का सदस्य और ड्राफ्टिंग कमेटी का चेयरमैन बनाया था। बाबा साहेब ने अपने मित्र को 18 जनवरी 1952 में लिखे पत्र में खुद लिखे थे कि मुझे हराने में एसए डांगे और सावरकर का हाथ था। ये दोनों चाहते थे कि बाबा साहेब हार जाएं और यही उनकी मंशा थी। आरएसएस के लोगों ने संविधान की प्रति को राम लीला मैदान में जला दिया था। जिनके पुरखों ने संविधान की प्रति जलाई, महात्मा गांधी और नेहरू जी की तस्वीर जलाई, उनके चेले ही आज भाजपा के सदस्य हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर एक महान समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री और राजनीतिक नेता थे जिन्होंने भारतीय संविधान सभा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति की अध्यक्षता की। उन्होंने दलित महिलाओं और श्रमिकों के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में उनके महत्वपूर्ण योगदान रहा। संविधान में दलितों की सुरक्षा के लिए अनेक आर्टिकल हैं, कई कानून भी बनाए गए हैं, लेकिन उनका पालन नहीं हो रहा है। वहीं, धनबाद जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी ने कहा कि अंबेडकर नाम से लोकप्रिय भारतीय बहूज्ञ विधिवेत्ता अर्थशास्त्री राजनीतिक लेखक और समाज सुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से होने वाली सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। स्वतंत्र भारत के सबसे दूरदर्शी नेताओं में से एक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर साहब थे। इस मौके पर बीके सिंह, नवनीत नीरज, साहित्य कमर राजेश्वर सिंह यादव, पप्पू पासवान, लक्ष्मण तिवारी, मृत्युंजय सिंह, जोगेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि

संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को अंबेडकर चौक (डीआरएम चौक) पर जिला प्रशासन की ओर से वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, डीडीसी सादात अनवर, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक सहित अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माण करने और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लोगों को अंधविश्वास से दूर रहने, भयमुक्त बनने एवं विवेकशील और शिक्षा ग्रहण कर ज्ञानी बनने की प्रेरणा दी। आज उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के दिन है। वहीं डीडीसी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपना जीवन समाज के पिछड़े वर्गों, दलितों और गरीबों के उत्थान के लिए न्योछावर कर दिया। वे एक प्रख्यात अर्थशास्त्री और कानूनविद थे। उन्होंने सिर्फ सामाजिक न्याय व सामाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी, बल्कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार देने, मौलिक दायित्व की भी बात की। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणास्त्रोत हैं। आज पूरा देश बाबा साहेब को उनकी जयंती पर याद कर इस महान विभूति को श्रद्धांजलि दे रहा है। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, नेशनल फेडरेशन ऑफ अंबेडकर मिशन धनबाद के अध्यक्ष शशि भूषण कुमार, नगर निगम के चिफ इंजीनियर अनूप कुमार सामंता, सिटी मैनेजर विशाल कुमार, सुपरवाइजर चिंटू कुमार, डीआरडीए के मनिष कुमार आदि ने बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### डैफोडिल्स एकेडमी में मनायी गयी अंबेडकर जयंती

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** केंदुआ, करकेंद बाजार स्थित डैफोडिल्स एकेडमी में सोमवार को भारतरत्न डॉ भीम राव अंबेडकर की जयंती मनायी गयी। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य तापस बनर्जी और उप-प्राचार्य देवाशीष मुखर्जी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के संस्थापक और पुटकी उच्च विद्यालय के पूर्व गणित शिक्षक स्वर्गीय चंडीचरण बनर्जी, चंडी सर को भी याद किया गया।

### श्रीश्री सूर्यदेव सिंह स्मृति गुरुकुलम में मनायी गयी बाबा साहब की जयंती

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सरायढेला स्थित श्रीश्री सूर्यदेव सिंह स्मृति गुरुकुलम में सोमवार को अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बच्चो और शिक्षकों ने भारतरत्न डॉ भीम राव अंबेडकर को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। बच्चों ने बाबा साहब के जीवन की सामाजिक और राजनीतिक पहलुओं पर चर्चा की। डॉ अंबेडकर की जीवनी पर नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य रितिका राज और स्कूल की निदेशिका किरण सिंह ने सभी विद्यार्थियों को इस कर्यक्रम में बढ़चढ़ कर भाग लेने की प्रशंसा की एवं बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस मौके पर सौरव रॉय, विनीता शंकर, बेबी सरकार, अभिषेक चक्रवर्ती आदि मौजूद रहे।

# संविधान को लेकर लोगों को दिग्भ्रमित करनेवाली कांग्रेस को भाजपा करेगी बेनकाब : डॉ रविंद्र राय

## बाबा साहेब की एक-एक बातों को जीवन में उतारने की जरूरत : सांसद

## बाबा साहब के दिखाये रास्ते पर चलकर लोगों को हक दिलवा रही : रागिनी

बस्ताकोला में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक पर सोमवार को भाजपा ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा कि कांग्रेसी संविधान को लेकर देशभर में झूठी अफवाह फैलाकर लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। जबकि कांग्रेस ने ही डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान और अनादर किया था। ऐसे झूठे कांग्रेसी नेताओं को अब भाजपा बेनकाब करेगी। कांग्रेस नेताओं को अब उनके ही हिसाब से जवाब दिया जाएगा। वहीं, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि बाबा साहेब की एक-एक बातों को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। वहीं, विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के दिखाये रास्ते पर चलकर लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाने का काम कर रही हूं। आगे भी लड़ाई जारी रहेगी। सरोज सिंह ने प्रस्तावना को पढ़कर सुनाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता तरुण राय ने किया। इस दौरान राजकुमार अग्रवाल, राजेश पासवान, ध्रुव हरि मंडल, तरुण राय, बप्पी बाउरी, संतोष शर्मा, संतोष रवानी, रामदेव शर्मा, रूपेश गुप्ता, रंजीत दास, संतोष सिंह, उमेश यादव, अभिषेक पांडे, आकाश पासवान, अनित सिंह, रिंकू शर्मा, पप्पू पासवान, अवधेश साव, बच्चा गिरी, बलराम हरि, काजू राय और अनिल शर्मा उपस्थित थे।



# झारखंड के विकास में केंद्र की मोदी सरकार ही सबसे बड़ी बाधक : मंत्री

## कहा, विस्थापन झारखंड की बड़ी समस्या है, जिसका लड़ कर समाधान करना होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



बाह्य बोंगा महोत्सव में अपने विचार रखते राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो।

**जारंगडीह/बेरमो।** झारखंड के विकास में केंद्र की वर्तमान मोदी सरकार ही सबसे बड़ी बाधक है। केंद्र की सरकार झारखंड की किसी भी नीति को लागू करने में बाधा पहुंचा रही है। झारखंड में भाजपा की सरकार ने लगभग 15 वर्षों तक राज किया। लेकिन ना तो झारखंडवासियों के ज्वलंत समस्याओं का समाधान किया, ना ही अब हेमंत सरकार को करने दे रही है। अपनी ओछी राजनीति के कारण जिन राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं है। उन्हें जानबूझकर केंद्र से राज्यों को प्राप्त होनेवाली राशि को नहीं दिया जा रहा है। एक तरफ धर्म की राजनीति करती है। वहीं झारखंड में सरना धर्म कोड लागू करने की अनुमति के लिए केंद्र के पास बिल पड़ा हुआ है। जिसे अनुमति प्रदान नहीं कर रही है। झारखंड में खासकर कोयलांचल और औद्योगिक क्षेत्र में विस्थापन की समस्या गंभीर है। राज्य सरकार चाहती है कि यहां के विस्थापितों और रैयतों को उनका मालिकाना हक मिले। लेकिन केंद्र सरकार अपनी दमनात्मक नीति के कारण केंद्र की पुलिस लगाकर उनके आंदोलन को ना सिर्फ कुचल रही है, बल्कि आंदोलनकारियों को पीट पीट कर जान तक ले ले रही है। उक्त बातें राज्य के पेयजल स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने कही। वे जारंगडीह स्थिति युग जाहिर सरना धर्मगढ़ में आयोजित सरहुल पूजा के रूप में बाह्य बोंगा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इसके पूर्व युग जाहिर सरना धर्म समिति बोकारो जिला के अध्यक्ष फेनी राम सोरेन, सचिव करमचंद हंसदा ने अपने साथियों के साथ मंत्री एवं अन्य अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के नाम अपनी भूमि, धर्म स्थल के विस्तारीकरण, सरना धर्म कोड सहित पांच सूत्री मांगों से संबंधित एक पत्र मंत्री जी को सौंपा। इसके पहले 9.30 बजे से युग जाहिर सरना धर्मगढ़ जारंगडीह पूजा स्थल पर सरना धर्म से संबंधित धर्मावलंबियों ने हजारों की संख्या में आकर पूजा अर्चना कर मत्था टेका और अपने इष्टदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस महोत्सव में बोकारो जिला के मायापुर, अंबाटोला, खेतको, चांपी, देवैया टोला जारंगडीह, कथारा, पेक चलकरी, बैदकारो सहित कई गांवों से आदिवासी समाज के हजारों लोग आकर अपने पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा पाठ, नाच गाना एवं कई कार्यक्रम किए। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में रतन लाल मांझी, मदन मोहन अग्रवाल, काशीनाथ केवल, रीता देवी, विधायक बेरमो प्रतिनिधि विल्सन फ्रांसिस उर्फ बबलू, दशरथ महतो, शमशुल हक के अतिरिक्त हजारों दर्शक उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद ले रहे थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष फेनी राम सोरेन, करमचंद हंसदा, सीताराम मुर्मू, रीता देवी, इम्तियाज मुखिया, सुदेश भुइयां, एवं कई समाज सेवियों का योगदान सराहनीय रहा।

## लाडिया एक्सक्लूसिव लहंगा शोरूम की दूसरी ब्रांच खुली



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एक्सक्लूसिव लहंगा शोरूम लाडिया के दूसरे ब्रांच का उद्घाटन बैंक मोड़ टेक्सटाइल मार्केट के दूसरे तल्ले में लाडिया परिवार, अतिथियों एवं ग्राहकों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शोरूम के मालिक दीपक लाड़िया ने बताया कि उनका यह ब्राइडल लहंगा, पार्टी वियर लहंगा और साड़ियों का यह दूसरा एक्सक्लूसिव शोरूम है। इस मौके पर कृषि बाजार समिति के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, बैंक मोड चेंबर के पूर्व अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया, भाजपा नेता नितिन भट्ट, महेंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, अंबिका गोयल, कंचन अग्रवाल, बबलू अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

### आज काला बिल्ला लगाकर शिक्षक करेंगे परीक्षा पत्र का मूल्यांकन

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की ओर से शिक्षा विभाग के टीजीटी एवं पीजीटी संवर्ग को मरणशील घोषित करते हुए उसके बदले निम्न वेतनमान में माध्यमिक आचार्य नियुक्त करने के फैसले के प्रतिवाद में मंगलवार को बोकारो के राजकीय कृत प्लस 2 उच्च विद्यालय और लकड़ाखंदा एवं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में परीक्षक काला बिल्ला लगाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

## पेटरवार में अवैध शराब तस्करी का भंडाफोड़

# नारियल के बोरे के नीचे छिपाकर ले जा रहे 1992 बोतल शराब बरामद, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेटरवार।** बोकारे जिले के पेटरवार थाना अंतर्गत बोकारो-रामगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित पेटरवार बाजार के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। इस संबंध में बेरमो एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने पेटरवार थाना में संवाददाता सम्मेलन कर जानकारी दी। बताया कि पेटरवार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पिकअप को रोका। तलाशी के दौरान वाहन में नारियल के बोरे के नीचे छिपाकर रखी गई डिप्लोमेट ब्रांड की अवैध शराब पाई गई। कुल 166 कार्टून में 1992 बोतलें थी, जिसका बाजार मूल्य करीब चार लाख रुपए है। मौके से वाहन चालक अमिया चरण खुटिया के पुत्र बबलू खुटिया को गिरफ्तार किया गया, जो पूर्वी सिंहभूम जिले के बिरसानगर थाना क्षेत्र स्थित बारीडीह गांव का रहने वाला है। बताया जा रहा कि बबलू खुटिया इसके पहले भी शराब तस्करी के मामले में जेल जा चुका है। पूछताछ में बबलू ने बताया कि उक्त शराब बोकारो के बालिडीह स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप से लाद कर सरायकेला के चौका ले जाई जा रही थी। चालक ने यह भी खुलासा किया कि उसे यह डिलीवरी जमशेदपुर के मानगो निवासी शंकर गोराई के निर्देश पर दी गई थी। मामले में महेशपुर निवासी प्रदीप मंडल और कुंडोरी निवासी राजा बाबू कि संलिप्तता सामने आई है। वहीं, छापामारी दल में थाना प्रभारी राजू मुंडा, पुअनि दुर्गाचरण मुर्मू, रामअवतार यादव शामिल थे। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए आगे की जांच में जुट गई है।

## बरमसिया में बारिश से चावल की बोरियां भींगने से एफसीआइ को नहीं हुआ कोई नुकसान: एमके गोगोई



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विगत 10 अप्रैल को हुईं तेज बारिश में बरमसिया रेलवे यार्ड में डंप एफसीआई के अनाज की बोरिया भींग गई थी। पर उससे कोई नुकसान नहीं हुआ। उक्त बयान एफसीआई के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एमके गोगोई ने दी। वे सोमवार को ओजोन गैलेरिया स्थित एक होटल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 54 हजार बोरी चावल केंद्र सरकार की एथानॉल ओएमएसएस स्कीम के लिए पंजाब से मंगाया गया था। 10 अप्रैल को तेज बारिश हुईं थी। अनाजो को तिरपाल से ढका भी गया था। लेकिन तेज हवा के कारण कुछ बोरियां बारिश की चपेट में आ गई। क्यूसी अधिकारियों की निगरानी में नियमानुसार चावल को सुखाकर पूरी तरह से बचा लिया गया। इससे एफसीआई को कोई क्षति नहीं हुई है। ऐसी परिस्थिति भविष्य में दोबारा उत्पन्न नहीं हो इसके लिए संवेदक को भी अधिक संवेदनशील रहने को कहा गया है। रेलवे यार्ड में शेड निर्माण के सवाल पर कहा कि इस दिशा में भी विचार किया जा रहा है। रेलवे से भी इसपर पत्राचार किया गया है। इस मौके पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक झारखंड मनोज कुमार, मंडल प्रबंधक धनबाद चक्रपाणि सिद्धार्थ, डीजीएम रीजन हेमंत कुमार जयसवाल एवं जोनल क्यूसी सेठी मौजूद रहे।

## चड़क पूजा देखने को उमड़ी लोगों की भारी भीड़

**राजगंज (आजाद सिपाही)।** चड़क पूजा के तीसरे दिन सोमवार को राजगंज के बागदाहा में भोगताघूरा कार्यक्रम आयोजित हुआ। करीब तीस फीट ऊंचे लकड़ी के खूंटे में दो दर्जन भोगताओं ने अपनी पीठ पर कील चुभो कर परिक्रमा किया। इस क्रम में भोगतागण ढोल, ढाक की गूंज के बीच पारंपरिक नृत्य करते हुए मंडप थान की परिक्रमा करते रहे। इससे पूर्व अहले सुबह भोगताओं ने विधिवत पूजन कर खूंटे को तालाब से निकाला। जिसे पर्व के समापन नारता के दिन मंगलवार को इसे पुनः तालाब में सुरक्षित रख दिया जाएगा। वहीं, चड़क पूजा देखने श्रद्धालुओं एवं लोगों की भीड़ उमड़ी थी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# वेदांता ने एएसआइ सीओसी प्रमाणित एल्युमीनियम शिपमेंट डिलीवर किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े एक्सट्रूडर और एल्युमीनियम उत्पादों के वितरक कैप्रल एल्युमीनियम को अपनी पहली एल्युमीनियम स्टीवर्डशिप इनिशिएटिव चेन ऑफ कस्टडी प्रमाणित एल्युमीनियम शिपमेंट डिलीवर करके वैश्विक स्तर पर एक मील का पत्थर हासिल किया है। यह ऐतिहासिक आपूर्ति जिम्मेदार उत्पादन के प्रति वेदांता की प्रतिबद्धता को पुष्ट करती है और वैश्विक संधारणीय एल्युमीनियम मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वेदांता एल्युमीनियम ने 2024 के अंत में एएसआइ सीओसी प्रमाणन प्राप्त किया था, जो एएसआई के कठोर मानकों के साथ अपनी स्थिरता पहलों को संरेखित करने के लिए दो साल की सक्रिय भागीदारी के बाद था। एएसआइ सीओसी प्रमाणन यह सुनिश्चित करता है कि एल्युमीनियम उत्पादन का हर चरण उच्चतम पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) मानकों का पालन करता है, कच्चे माल की जिम्मेदार सोर्सिंग से लेकर नैतिक और ऊर्जा-कुशल विनिर्माण तक। चूंकि दुनिया भर में टिकाऊ सामग्रियों की मांग बढ़ती जा रही है, इसलिए वेदांता एल्युमीनियम की एएसआइ-प्रमाणित धातु उद्योगों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकल्प बनाने में सक्षम बनाने के लिए तैयार है। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, वेदांता एल्युमीनियम के मुख्य विपणन अधिकारी आलोक रंजन ने कहा कि स्थिरता वेदांता एल्युमीनियम के व्यावसायिक दर्शन के केंद्र में है, और एएसआइ सीओसी प्रमाणन प्राप्त करना जिम्मेदार एल्युमीनियम उत्पादन की दिशा में हमारी यात्रा में एक निर्णायक क्षण का प्रतिनिधित्व करता है। हमें कैप्रल एल्युमीनियम को हमारे एएसआइ-प्रमाणित सामग्री की आपूर्ति करने पर गर्व है, जो एक हरित, अधिक पारदर्शी एल्युमीनियम उद्योग के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण को पुष्ट करता है। यह उपलब्धि वैश्विक बाजारों की उभरती इएसजी प्राथमिकताओं को पूरा करने की हमारी क्षमता को उजागर करती है और वेदांता एल्युमीनियम को जिम्मेदारी से उत्पादित एल्युमीनियम के पसंदीदा आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करती है। कैप्रल एल्युमीनियम में औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला के महाप्रबंधक ल्यूक हॉकिन्स ने टिप्पणी की। वेदांता एल्युमीनियम ने एएसआइ सीओसी प्रमाणन प्राप्त करके स्थिरता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है। यह साझेदारी हमें ज़िम्मेदारी से सोर्स किये गये एल्युमीनियम की आपूर्ति को मजबूत करने में सक्षम बनाती है, जिससे ऑस्ट्रेलियाई विनिर्माण क्षेत्र को अधिक टिकाउ सामग्री विकल्प बनाने में सहायता मिलती है, चूंकि कम कार्बन वाले एल्युमीनियम की मांग लगातार बढ़ रही है, इसलिए वेदांता के साथ हमारे जैसे सहयोग ज़िम्मेदार एल्युमीनियम सोर्सिंग के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वेदांता एल्युमीनियम का प्रमाणन डीकाबोर्नाइजेशन और टिकाऊ विनिर्माण के प्रति इसकी व्यापक प्रतिबद्धता के अनुरूप है। कंपनी ने दुनिया के सबसे कम कार्बन वाले प्राथमिक एल्युमीनियम ब्रांडों में से एक रेस्टोरा और लगभग शून्य कार्बन वाले एल्युमीनियम उत्पाद रेस्टोरा अल्ट्रा का भी नेतृत्व किया है, जो अपने कार्बन पदचिह्नों को कम करने का प्रयास करने वाले उद्योगों के लिए अभिनव समाधान पेश करता है। वेदांता लिमिटेड का एक व्यवसाय वेदांता एल्युमीनियम भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, जिसने वित्त वर्ष 2025 में भारत के आधे से अधिक एल्युमीनियम यानी 2.42 मिलियन टन का उत्पादन किया। यह मूल्य-वर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जो मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग पाते हैं। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2024 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है, जो इसके अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्युमीनियम स्मेल्टर, एल्युमीना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ, कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्युमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

# नितिन गडकरी 19 अप्रैल को ओड़िशा का दौरा करेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 19 अप्रैल को एक दिवसीय दौरे पर ओड़िशा आयेंगे, यह जानकारी सोमवार को राज्य भाजपा उपाध्यक्ष गोलक महापात्र ने दी। पत्रकारों से बात करते हुए महापात्रा ने कहा कि सड़क परिवहन मंत्री 19 अप्रैल को भुवनेश्वर आयेंगे और बारामुंडा मैदान में राज्य के लिए कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। भगवा नेता ने कहा, ₹यह ओड़िशा के लिए स्वर्णिम काल है, क्योंकि केंद्रीय नेतृत्व डबल इंजन सरकारों के तहत इसके विकास कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से राज्य में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल ही में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य का दौरा किया और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाइ) का शुभारंभ किया, जो ओड़िशा के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार के फोकस के कई सबूतों में से एक है।

## हॉस्टल का खाना खाने से 19 कॉलेज छात्र बीमार

**भोपाल (आजाद सिपाही)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कॉलेज के छात्रावास में एक पार्टी के दौरान परोसा गया खाना खाने से 19 कॉलेज छात्रों को फूड पॉइजनिंग हो गयी। शारदा अस्पताल के डॉक्टरों ने यह जानकारी दी। मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को जिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, उसके मालिक उमेश शारदा ने अठकको बताया कि छात्रों ने उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत की थी। शारदा ने रविवार को एएनआइ को बताया कि सभी को उल्टी, दस्त और बुखार की एक जैसी शिकायत थी। करीब 19 बच्चे आये हैं और सभी एक ही बीमारी से पीड़ित हैं। यह फूड पॉइजनिंग का मामला लगता है। उनके कॉलेज में एक पार्टी थी, इसलिए उन्होंने वहां जो खाना खाया, उससे यह बीमारी हुई। अस्पताल मालिक ने बताया कि छात्रों की हालत में सुधार है और उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी है। एएनआइ से बात करते हुए भर्ती हुए छात्रों में से एक ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को वे बीमार पड़ गये थे, उन्हें पेट दर्द और उल्टी की शिकायत थी। युग भारद्वाज हमने कल रात दाल, चावल वगैरह खाया था। दाल चावल और आलू की सब्जी बनायी गयी थी। इसे खाने के बाद कल दोपहर से बच्चों की तबीयत खराब होने लगी। मुझे भी पेट में बहुत दर्द हुआ और लोगों को बुखार और उल्टी हो रही थी, छात्र युग भारद्वाज ने एएनआइ को बताया। उन्होंने यह मांग करते हुए कि यह गलती दोबारा न हो, आगे कार्रवाई की जानी चाहिए, कहा कि अस्पताल प्रशासन की ओर से केवल एक व्यक्ति उनकी जांच करने आया था।

## मधुमक्खियों के हमले में 20 से अधिक श्रद्धालु घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** गजपति जिले के मोहन थाना क्षेत्र के चंद्रगिरी शिव मंदिर में एक विचलित करने वाली घटना घटी है। चूंकि आज महाविषुब संक्रांति है, इसलिए कुछ लोग दर्शन के लिए चंद्रगिरी शिव मंदिर गए। इसी बीच मंदिर के पास स्थित एक पेड़ से मधुमक्खियों का एक झुंड आया और श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में 20 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए हैं। गंभीर हालत में लोगों को तुरंत बचा लिया गया और चंद्रगिरी हस्पताल में भर्ती कराया गया।

























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**